# लाखों रुपये खर्च करके बने शौचालय बंद पड़े, दो और नए बनाने की तैयारी

## शहर के गौहनिया चौराहे पर 8.76 लाख रुपये से बना ई-टॉयलेट तीन साल से खराब पड़ा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गौहनिया चौराहा पर खराब पड़ा ई-टॉयलेट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर के अलग-अलग स्थानों पर 17 शौचालयों का निर्माण कराया गया था। इनमें मुख्य बाजार स्थित रामस्वरुप पार्क, बेनी चौधरी, उपाधि महाविद्यालय, विकास भवन, देश नगर गौड़ी, गांधी स्टेडियम, एकता सरोवर, ब्रह्मचारी घाट, डिग्री कॉलेज चौराहे पर बने शौचालय शामिल हैं। एक शौचालय पर पांच से छह लाख रुपये खर्च किए गए थे। इन शौचालयों का निर्माण 2018 में शुरू कर दिया गया था। मगर जिम्मेदारों की हीलाहवाली के चलते अधिकांश शौचालयों पर केयर टेकर की तैनाती नहीं की गई है। इससे अधिकतर शौचालय बंद रहते हैं। बजट को खपाने के लिए शहर में दो नए टॉयलेट बनवाए जाएंगे, जिनका निर्माण करीब दस लाख रुपये से होगा।

शहर में लोगों की सुविधा देने के लिए जगह-जगह सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। शहर के गौहनिया चौराहे पर वर्ष 2017 में ई-टॉयलेट बना था। इसे बनवाने में करीब 8.76 लाख रुपये खर्च किए गए थे। ई-टॉयलेट पूरी तरह स्टील से बना है। टैंक में बायो डायजेस्टर लगा है। इससे टैंक में जाने वाला मल बाहर पानी बनकर निकलेगा। एक रुपये का सिक्का डालने के बाद ही लोग इसका उपयोग कर सकते हैं। निर्माण के बाद इसका संचालन कुछ समय तक होता रहा। मगर करीब तीन साल पहले मशीन में तकनीकी कमी आने से बंद हो गई, जिसके बाद से चालू नहीं हुई। इसे ठीक कराने की किसी ने सुध नहीं ली। इससे धूल जमने के साथ कचरे डाला जा रहा है।

इसके अलावा घन्नई ताल के पास एक पिंक शौचालय बनवाया गया, जो अब जर्जर हालत में है। इसी तरह से अन्य स्थानों पर बने शौचालयों का हाल है, जो सिर्फ शोपीस बनकर रह गए। पुराने शौचालय ठीक कराने के बजाए नगरपालिका की ओर से स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत दो नए पांच सीटर टॉयलेट बनाने की तैयारी है। इसके लिए 10 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। नगरपालिका की ओर से मिली जानकारी के अनुसार यह टॉयलेट शहर में व्यस्ततम इलाकों में बनाए जाएंगे। इनमें एक टॉयलेट रोडवेज बस स्टैंड के पास और दूसरा माधोटांडा रोड पर बनेगा। इनके लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है।

● **नगर पालिका प्रशासन 10 लाख रुपये खर्च करके बनाएगा पुरुष और महिला शौचालय**

स्वच्छ भारत मिशन के तहत दो टॉयलेट स्वीकृत हुए हैं। जिन्हें रोडवेज और माधोटांडा रोड पर बनवाया जा रहा है। क्योंकि वहां जरूरत है। शहर में पूर्व में बने अन्य टॉयलेट के संचालन को लेकर भी रणनीति बनाई गई है। ई-टॉयलेट के गेट खराब होने की वजह से उसका संचालन नहीं हो पा रहा है। इसको लेकर कार्यदायी संस्था को पत्र भेजा गया है। - **डॉ. आस्था अग्रवाल**, चेयरमैन नगरपालिका पीलीभीत

# 150 हेक्टेयर में तैयार होंगी गन्ना बीज की पौधशालाएं, अगले साल होगा वितरण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

● **गन्ना शोध परिषद से जनपद को मिला 2700 क्विंटल गन्ना बीज**

● **गन्ना किसानों को मिलेगा उन्नतिशील गन्ना किस्मों का बीज**

**अमृत विचार:** जनपद के किसानों को उन्नतशील गन्ना प्रजाति के बीज के लिए अब भटकना नहीं होगा। जिले में 150 हेक्टेयर रकबा में गन्ना बीज की पौधशाला तैयार की जा रही है। यह स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं एवं किसानों द्वारा तैयार की जाएगी। पौधशाला में तैयार गन्ना बीज का वितरण अगले साल किसानों को किया जाएगा।

कृषि क्षेत्र में अग्रणी जिले में हर साल एक लाख हेक्टेयर से अधिक रकबा में गन्ने की फसल पैदा की जाती है। जनपद में गन्ना बुवाई के दौरान किसानों को उन्नतिशील प्रजातियों के बीज के लिए इधर-उधर जाना पड़ता है। मगर, अगले साल में किसानों को गन्ना बीज के लिए भटकना नहीं होगा। जनपद में ही 150 हेक्टेयर रकबस में गन्ना बीज की पौधशाला तैयार की जा रही है। इसको लेकर गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर द्वारा चार नवीनतम प्रजातियों का 2700 क्विंटल गन्ना बीज आवंटित किया गया है। गन्ना विभाग के सहयोग से गन्ना बीज की पौधशालाएं किसानों एवं स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार की जा रही हैं।

### पूरनपुर में महिलाएं तैयार कर रहीं गन्ना बीज की पौध

पूरनपुर तहसील के गांव कपूरपुर में राधे-राधे महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पौध तैयार की जा रही है। समूह में 10 महिलाएं जुड़ी हैं। समूह अध्यक्ष रोली शर्मा के मुताबिक पोर ट्रे में गन्ने की एक आंख के टुकड़ों से पौध तैयार की जा रही है। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने सोमवार को गांव पहुंचकर पौधशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने महिलाओं को अधिक से अधिक पौध तैयार कर किसानो से इंडेंट लेकर बिक्री की सलाह दी।

### तीन उन्नतिशील प्रजातियों का मिलेगा गन्ना

गन्ना विभाग के मुताबिक जिले की पौधशाला में गन्ना की उन्नतिशील प्रजाति कोशा-17231, कोशा-13235 एवं कोलख-14201 की पौध तैयार की जा रही है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक गन्ना प्रजाति कोशा-17231 रेड रॉट एवं पोक्का बोईंग के प्रति सहनशील है। 300 से 400 क्विंटल प्रति एकड़ औसत पैदावार भी आसानी से हो जाती है। गन्ना प्रजाति कोलख-14201 एवं कोशा-13235 भी अच्छी पैदावार देती हैं। कोशा-13235 मे शर्करा की मात्रा 11 .55 से अधिक होती है तथा पैदावार 400 से 500 क्विंटल प्रति एकड़ हो जाती है। हालांकि इसकी लंबाई होने के चलते गिरने की संभावना रहती है। कोलख-14201 पर बेधक कीटों का प्रकोप कम होता है।

किसानों को गन्ने की नवीनतम प्रजातियों का गन्ना बीज मुहैया कराने को अभिजनक पौधशालाएं तैयार की जा रही है। पौध तैयार करने का कार्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं किसानों द्वारा किया जा रहा है। इन पौधशालाओं में तैयार गन्ना बीज का वितरण अगले वर्ष किया जाएगा। - **खुशीराम भार्गव**, जिला गन्ना अधिकारी

# विस्थापित परिवारों को मिले जमीन का मालिकाना हक

**पूरनपुर अमृत विचार:** जिला पंचायत सदस्य रूपेंद्र कौर पत्नी मनजीत सिंह ने भारत-बांग्लादेश विभाजन के दौरान चंदिया हजारा में बसाए गए परिवारों को मालिकाना हक दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। इसमें कहा गया कि जिस जमीन पर बंगाली समाज के लोगों को बसाया गया है। वह वन विभाग से हस्तांतरित की गई थी। उस भूमि का अभी तक अमल दरामद राजस्व विभाग में नहीं कराया गया।

करीब 50 साल बीतने के बाद भी विस्थापित परिवारों को भूमि पर मालिकाना अधिकार नहीं मिला है, जिससे वे सरकारी योजनाओं से वंचित है। चंदिया हजारा में पुनर्वासित 13 विस्थापित परिवार अभी तक पुनर्वास योजना का लाभ नहीं पा सके। इससे वह गरीबी और भुखमरी की जिंदगी जी रहे हैं। चंदिया हजारा की गाटा संख्या 496, 497, 498 और 499 का करीब 500 एकड़ का रकबा है। इस पर हजारों की आबादी बसी हुई है। वन विभाग धारा 6 अधिसूचित बता रहा है। जबकि राजस्व विभाग में यह भूमि ग्राम समाज की बताकर 63 परिवारों को पट्टे पर दी गई थी। पत्र में जमीन पर काबिज परिवारों को पट्टे दिलाने की मांग की गई। जिला पंचायत सदस्य रूपेंद्र कौर ने मुख्यमंत्री के साथ ही यह पत्र विधान परिषद सदस्य डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों को भी भेजा था।

# चांद दिखने के साथ मुकद्दस रमजान शुरू, पहला रोजा आज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मुकद्दस-ए-रमजान का महीना आज से शुरू होगा। मौलाना मुफ्ती साजिद हसनी के अनुसार सोमवार को चांद दिखाई दिया। पवित्र और मुकद्दस रमजान का महीना मंगलवार से शुरू होगा। इसी दिन पहला रोजा होगा। फिर पूरे महीने रोजे रख इबादत होगी।

मुकद्दस रमजान को लेकर सोमवार को लोगों ने खजरा, सिवई और फेनी के साथ खजूर की जमकर खरीदारी की जाती रही। सोमवार रात चांद का दीदार हुआ। अब मंगलवार को रमजान का पहला रोजा होगा। चांद का दीदार होने के बाद जिले की समस्त मस्जिदों में शाम को तरावीह नमाज की अदा की गई। मंगलवार को इफ्तार शाम को 6:21 बजे होगी।



शहर की जामा मस्जिद में सोमवार रात तरावीह की नमाज अदा करते नमाजी।

● **लोगों ने शहरी और इफ्तार के लिए खजरा और फेनी की खरीदारी की**

चांद दिखने के बाद सभी तैयारियों में जुट गए। इधर, रमजान को लेकर शहर के कोतवाली रोड, जामा मस्जिद, लाल रोड, बेलों का चौराहा, कमल्ले चौराहा समेत विभिन्न मुस्लिम इलाकों में रौनक देखने को मिली। जहां रोजेदार खजरा और फैनी की खरीदारी करते देखे गए। रोजे में सहरी और इफ्तारी के समय खाई जाने वाली चीजों की खूब बिक्री हुई। खजरा और फैनी को सहरी के समय दूध के साथ खाया जाता है। इसलिए अब दूध की डिमांड भी बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं फलों की मांग और बढ़ गई है। रोजे के समय खजूर और मेवा की डिमांड अधिक रहती है। त्योहारों को देखते हुए फलों के साथ मेवा की कीमतें भी बढ़ रही हैं। इस त्योहारी सीजन में दुकानदार चांदी काट रहे है।

### 13 घंटे 20 मिनट का होगा पहला रोजा

मुफ्ती साजिद हसनी ने बताया कि रमजान की शुरुआत हो चुकी है। पहला रोजा मंगलवार को होगा। जिसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस साल पहला रोजा 13 घंटे 20 मिनट का होगा। जबकि आखिर रोजा 14 घंटे 08 मिनट का होगा। जो रमजान का सबसे बड़ा रोजा होगा। जबकि पहला रोजा पूरे माह का सबसे छोटा रोजा होगा। जिस दुआ करें। और लोगों की मदद करें।

### बाजार में 100 से 12 सौ रुपये किलो तक की खजूर

फल फ्रूट्स के साथ खजूर सहित अनेक फलों का बाजार गुलजार है। रमजान शुरू होने से पहले ही इनकी कीमतों में भी इजाफा देखा जा रहा है। रोजेदारों की पहली पसंद कीमिया खजूर है। इफ्तार के लिए सबसे पहली पसंद खजूर है। तमाम रोजेदार आम तौर पर खजूर से ही अपना रोजा खोलते हैं। दुबई व मदीना से आयात होने वाली अच्छी क्वालिटी अंबर खजूर की आजादपुर मंडी दिल्ली में थोक कीमत 1200 रुपये किलो है। इसके बाद मगरूम खजूर है। यह भी दुबई और मदीना से दिल्ली मंडी पहुंचती है। इस बार इसका थोक भाव 980 प्रति किलो है जबकि गत वर्ष 580 था। अजुआ खजूर का मंडी रेट 1200 रुपये किलो है जबकि पिछली बार 1000 प्रति किलो रहा था। फल विक्रेता दिनेश ने बताया कि रमजान शुरू होने से पहले दिल्ली की आजादपुर मंडी से रेट में उछाल आया है। इसका असर रोजेदारों की जेब पर पड़ना तय है। हर क्वालिटी की खजूर इस बार 10 रुपये से लेकर 50 रुपये तक महंगी रहने की उम्मीद है।

# समारोह में मेधावियों का सम्मान

संवाददाता, मझोला



कार्यक्रम में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोधी क्षत्रिय एम्प्लॉयज एसोसिएशन की ओर से गांधी प्रेक्षागृह में कैरियर गाइडेंस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय संयोजक अमरपाल सिंह लोधी रहे।

छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने को लेकर मार्गदर्शन किया गया। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में अस्सी प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 45 मेधावियों एवं सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले 10 युवाओं को सम्मानित किया गया। संचालन प्रेमपाल वर्मा ने किया। इस मौके पर हरपाल लोधी, मंगली प्रसाद लोधी, रामप्रसाद, मनोरमा आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री आज करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

**पीलीभीत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार सुबह 9 .15 बजे विभिन्न रेल परियोजनाओं का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। इसको लेकर इज्जतनगर मंडल की आठ लोकेशनों पर लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में प्रधानमंत्री बीसलपुर स्थित नवनिर्मित रेलवे मालगोदाम एवं पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर एक स्टेशन एक उत्पाद के तहत स्टॉल का वर्चुअली लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने दी।

### कचहरी परिसर में दंपति के बीच मारपीट

**पीलीभीत।** कचहरी में तारीख पर आए दंपति में मारपीट हो गई। घटना सोमवार दोपहर हुई। लड़का पक्ष बरेली से आया था। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा है। किसी बात को लेकर दोनों पक्ष भिड़ गए और मारपीट हो गई। मौजूद अधिवक्ताओं व अन्य लोगों ने मामला शांत कराया। इस दौरान हड़कंप मचा रहा।

### बाइक- कार की टक्कर के बाद मारपीट, वीडियो वायरल

**पूरनपुर।** असम रोड पर सिरसा चौराहा के पास बाइक और कार की टक्कर लगने के बाद उनके चालकों में मारपीट हो गई। इसका किसी ने वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। यह घटना रविवार रात की बताई जा रही है। रविवार रात सिरसा चौराहे पर एक ग्राम प्रधान की कार और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में घायल हुए बाइक चालक ने तेजी व लापरवाही से कार चलाने का आरोप लगाते हुए विरोध जताया। इसी को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। दोनों तरफ से लोग जमा हुए और मारपीट शुरू कर दी। बताते हैं कि बाइक चालक की पिटाई कर दी गई। राहगीरों ने बमुश्किल बीच बचाव कराया। किसी राहगीर ने मारपीट का वीडियो बनाया, जोकि सोशल मीडिया पर देर रात ही तेजी से वायरल हो गया।

### हादसे में दो बाइकों पर सवार तीन लोग घायल

**बरखेड़ा।** गांव लखनऊकलां निवासी होमगार्ड प्रकाश सिंह (45) अपनी पत्नी सुनीता सिंह के साथ गांव मधैया ससुराल जाने के निकले। उधर, कस्बे से खरीदारी करके लौट रहे थाना बिलसंडा के गांव लिलहर मुड़िया निवासी अनुज कुमार अपने भांजे लखनऊ कला निवासी बबलू के साथ शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। लखनऊ कलां गांव के पास पहुंचते ही एक चौपहिया वाहन ने दोनों बाइकों को टक्कर मार दी। जिसमें प्रकाश सिंह, अनुज कुमार और बबलू घायल हो गए।

# पाइप चोक होने से सड़क पर भरा पानी, लोग परेशान

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार :** ब्लॉक रोड पर पाइप चोक होने से जलभराव हो गया। सड़क पर कई फीट पानी भरा होने से आए दिन हादसे हो रहे हैं। इसको लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। पूरनपुर मुजफ्फरनगर रोड प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया था। निर्माण के समय पूरनपुर देहात ग्राम पंचायत में सड़क के इस ओर से इस उस और पानी निकास के लिए पाइप पड़ा हुआ है। इस स्थान पर सड़क निर्माण के दौरान नीची बना दी गई। बरसात से सड़क पर पानी भर गया। लगभग एक सप्ताह पहले सड़क में पड़ा पाइप चोक हो गया। इसके अलावा पास में बनी नाली का पानी भी सड़क पर भरने लगा। इससे जलभराव की स्थित बन गई। करीब दो फीट पानी सड़क के गड्ढे में भरा है। राहगीरों की दिक्कत का समाधान नहीं हो सका है। ग्राम प्रधान फैयाज ने बताया कि पाइप चोक होने से सड़क पर पानी भर रहा है। पहले सही कराया गया था। जल्द दोबारा सही कराया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### लखपति दीदियों से प्रेरणा लेकर बनें आत्मनिर्भर



**बरखेड़ा।** ब्लॉक सभागार में एक कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूहों को रिवाल्विंग फंड (आरएफ) व सामुदायिक निवेश निधि (सीआईएफ), बैंक क्रेडिट लिकेज (सीसीएल) वितरण किया गया। लखपति दीदियों से भसी संवाद किया गया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश कुमार गंगवार ने कहा कि हमारी लखपति दीदियों से प्रेरणा लेकर समूह की अन्य महिलाएं खुद को आत्मनिर्भर बनाएं। अपनी सोच को बदकर निश्चित तौर पर अपना परिवार, समूह, गांव व क्षेत्र की दिशा बदली जा सकेगी। बहादुरपुर हुक्मी की बैंक सखी पुष्पादेवी, सिंधौरा बिदुआ की केयरटेकर सुशीला देवी, भैसहाग्वालपुर की बीसी सखी सुखरानी, पंडरी खमरिया की विद्युत सखी शाइस्तावी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक मोहम्मद इरशाद, एजाज अहमद, रश्मि कटियार, सीवी सक्सेना, महिला स्वयं सहायता समूह की रीना देवी, अनीता देवी, कमलेश कुमारी, मनोरमा, सुशीला देवी आदि मौजूद रहे।

### संवाद कार्यक्रम आयोजित कर बांटे प्रशस्ति पत्र



**अमरिया।** ब्लॉक सभागार में लखपति दीदिओ के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सजीव प्रसारण भी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिखाया गया। बताया कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने का काम कर रही है। लखपति बन चुकी समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र दिए गए। बीडीओ संजय कुमार यादव ने कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीण महिलाओं का जीवन स्तर उठाने का काम कर रही है। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह ने सरकार की उपलब्धियां बताई। इस मौके पर ब्लॉक मिशन प्रबंधक जागेश कुमार, रमन जीत, कुशाग्र अग्निहोत्री, मंजू सरोज, एडीओ कृषि तेज बहादुर आदि मौजूद रहे।

### पोस्टर में अंजलि, संस्कृत पत्र लेखन में वेदप्रकाश प्रथम



बीसलपुर, अमृत विचार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के संस्कृत विभाग परिषद के तत्वावधान में सोमवार को प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। पोस्टर प्रतियोगिता में अंजलि प्रथम, अभिनय व लक्ष्मी द्वितीय और अंशिका प्रजापति तृतीय स्थान पर रहीं। संस्कृत पत्र लेखन में वेदप्रकाश प्रथम, प्रिया गंगवार द्वितीय, अंशिका सिंह गंगवार तीसरे स्थान पर रही। आसन लेखन व चित्रांकन में गौरी प्रथम, निशा मौर्य द्वितीय, अनुराधा तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिताएं डॉ. चन्द्रप्रभा गंगवार के निर्देशन में संपन्न हुई। डॉ. पूर्णिमा भारद्वाज, डॉ. रजत गंगवार निर्णायक मंडल में शामिल रहे। प्राचार्य डॉ. सुशील कुमार ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

यशस्वी क्लीनिक
डॉ. अनिल मिश्रा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
डायबिटीज एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
मो. 9896567597
स्वास्थ्य परामर्श
• डेंगू, टायफाइड, मलेरिया का उचित इलाज
• दिल सम्बन्धित बीमारियां
• शुगर, ब्लडप्रेशर, सीने में दर्द
• बुखार, खांसी, सांस सम्बन्धित बीमारियां
• थायराइड, गठिया, खून की कमी
• जिगर, पेट, लीवर, अल्सर, भूख न लगना, वजन घटना, कब्ज, उल्टी एवं दस्त की बीमारी
• दिमागी बुखार, मिर्गी के दौरे, एन्सेफ्लाइटिस,
• लकवा, स्ट्रोक, सर दर्द, माइग्रेन
• गुर्दे एवं पेशाब की तकलीफ, गुर्दे की पथरी, प्रोस्टेट का बढ़ना, पेशाब में खून आना व जलन।
समयः प्रातः 9:30 से 2:00 बजे एवं सायं 5:00 बजे से 8:00 बजे तक
रविवार को अवकाश रहेगा।
पताः- फैज़ हास्पिटल के सामने बेसमेन्ट में, 100 फुटा रोड, बरेली
सम्पर्क सूत्रः- 7895161674, 7906502059

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
स्वास्थ्य जाँच पैकेज की व्यापक रेंज
जांचों पर विशेष छूट
समस्त प्रकार की खून जांचे उपलब्ध
39-बी, एकता नगर, चाट बाजार के पास, नीरज लाईफ केयर हॉस्पिटल के सामने, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पताः- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## एक नजर

### नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ संपन्न

**बरखेड़ा।** ग्राम पंचायत मुड़िया हुलास की ग्राम प्रधान सीमा राज पाठक के पति राजेंद्र पाठक उर्फ राजू ने बताया कि गांव में बने यज्ञ स्थल पर 28 वां श्री शतचंडी महायज्ञ एवं मानस वेदांत संत सम्मेलन गत तीन मार्च को जल यात्रा एवं कलश पूजन के साथ शुरू हुआ था। नैमिषारण्य (सीतापुर) के व्यास जी महाराज सुनील अवस्थी ने प्रतिदिन प्रवचन दिए। सोमवार को पूर्ण आहुति के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इसमें यज्ञाचार्य नीरज मिश्रा, यजमान रजनेश पाठक, दयाशंकर शुक्ला, सुखदेव मिश्रा, अनिल मिश्रा व रिटू रहे। इसके बाद हुए भंडारे में गांव मुड़िया हुलास, कोकली, कबूलपुर, कोकिला, जगीपुर आदि के ग्रामीणों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

### बीमारी के चलते व्यापारी पीयूष वर्मा का निधन

**बिलसंडा।** नगर के मोबाइल व्यवसायी पीयूष वर्मा का लंबी बीमारी के चलते सोमवार सुबह बरेली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। तमाम व्यापारियों ने मृतक के घर पहुंचकर परिजन को शोक संवेदनाएं व्यक्त की। बीसलपुर रोड निवासी पीयूष वर्मा लंबे समय से कैंसर की बीमारी से ग्रसित थे। शोक व्यक्त करने वालों में व्यापारी नेता अवनीश जायसवाल, अधिवक्ता सुधीर सक्सेना, मोहम्मद रेहान, देवदत्त सक्सेना, अजय जायसवाल, विक्रम गंगवार, अरविंद अवस्थी, आशीष सक्सेना, रमेश चंद्र गुप्ता एडवोकेट रहे।

# जिले में वाहनों की तेज गति से हो रहीं आए दिन दुर्घटनाएं

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में एआरटीओ ने कही बात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गांधी सभागार में आयोजित बैठक में डीएम संजय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी।

- डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश इंटरसेप्टर मंगाने को शासन से किया जाएगा पत्राचार

**अमृत विचार :** अधिकांश सड़क हादसे वाहनों की तेज रफ्तार की वजह से हो रहे हैं। यह बात सोमवार को जिला सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक में एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने कही। इस पर डीएम ने तेज वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही इंटरसेप्टर मंगाने के लिए शासन से पत्राचार करने और सड़क पर लगे संकेतक पर निकटतम सरकारी अस्पताल व जिला अस्पताल की दूरी और एंबुलेंस चालक का मोबाइल नंबर अंकित करने के निर्देश दिए।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को गांधी सभागार में आयोजित की गई। इसमें डीएम संजय कुमार सिंह ने चिह्नित ब्लैक स्पॉट पर सुधार के कार्य कराने के निर्देश दिए। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि हादसों की मुख्य वजह वाहनों की तेज रफ्तार निकलकर आ रही है। जिस पर नियंत्रण करने के लिए बरेली मंडल से समय-समय पर इंटरसेप्टर मशीन मंगाकर तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों के चालान किए जा रहे हैं। इस पर डीएम ने जिले को इंटरसेप्टर उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर पर पत्राचार करने के निर्देश दिए। स्कूल वाहनों के चालकों को सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशिक्षित करने के लिए कार्यशाला आयोजित करने के साथ ही विद्यालयों में असेंबली के समय छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दी गई। मार्गों पर लगे संकेतक एवं चेतावनी बोर्ड पर निकटतम प्राथमिक चिकित्सा केंद्र व जिला अस्पताल की दूरी, एंबुलेंस चालक का मोबाइल नंबर आदि चस्पा कराने के निर्देश दिए।

सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने नकटादाना चौराहे से खकरा पुल तक जाने वाले मार्ग पर गड्ढों की समस्या बताई। इस पर डीएम ने पीडब्ल्यूडी के अभियंता को गड्ढा मुक्त सड़क बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया, सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर, लोक निर्माण विभाग के अभियंता सुरेंद्र कुमार, एनएचएआई के कंसलटेंट बीआर कंवर, जिला विद्यालय निरीक्षक के प्रतिनिधि संतोष कुमार, पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता एसके जैन, बीएसए अमित कुमार सिंह, टीएसआई राघवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## इनिशियम जूनियर ने केजीएन क्रिकेट क्लब को हराया

**पीलीभीत, अमृत विचार:** ज़िला स्तरीय यूनिटी कप क्रिकेट लीग के तहत सोमवार को भी मैच हुए। २२ याड्र्स इनिशियम जूनियर ने केजीएन क्रिकेट क्लब को तीन विकेट से हराकर जीत दर्ज की। शिवा सोनकर को मैन ऑफ़ द मैच का अवार्ड दिया गया।

इनिशियम ग्लोबल स्कूल 22 यार्ड अकादमी मैदान पर खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए केजीएन क्रिकेट क्लब की टीम ने 24 ओवरों में सभी विकेट खोकर 191 रन बनाए। साहिल ने 43 गेंद पर आठ चौके और दो छक्कों की मदद से 59 रन बनाए। आशीष ने 30 गेंद पर छह चौके की मदद से 33 रनों की पारी खेली। इसके अनमोल जुल्का ने 20 गेंद पर दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। गेंदबाजी में शिवा ने तीन और केशव ने भी तीन विकेट चटकाए।

इसके जवाब में २२याड्र्स इनिशियम जूनियर ने 24.2 ओवर में सात विकेट खोकर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। हर्ष माथुर ने सर्वाधिक 42 बॉल पर 48 रन की शानदार पारी खेली और शिवा ने 30 बॉल पर 44 रन की पारी खेली। इमरोज़ ने पांच विकेट चटकाए।

# एक दशक से बंद मझोला चीनी मिल चलवाने की फिर मांग उठी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



व्यापारियों संग बैठक करते प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल। • अमृत विचार

- व्यापारियों ने प्रदेश अध्यक्ष को बताईं समस्याएं, मिला आश्वासन
- पॉलिथीन को लेकर प्रशासन पर परेशान करने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** पिछले करीब एक दशक से बंद पड़ी मझोला चीनी मिल को चालू कराने की मांग एक बार फिर उठाई गई। अब व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष कस्बा मझोला के व्यापारियों ने इस मुद्दे को रखा। साथ ही पॉलिथीन को लेकर प्रशासनिक स्तर से व्यापारियों का उत्पीड़न किए जाने की बात कही गई। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के समक्ष इन मुद्दों को रखकर हल कराने का आश्वासन भी दिया।

शहर में रविवार को प्रांतीय सम्मेलन करने के बाद सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल उत्तराखंड में मां पूर्णागिरि मंदिर के दर्शन के लिए रवाना हुए। रास्ते में वह उत्तराखंड सीमा से सटे कस्बा मझोला में युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष कपिल अग्रवाल के आवास पर रुके। मझोला के पूर्व चेयरमैन रामऔतार अग्रवाल की अगुवाई में व्यापारियों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष व्यापारियों संग बैठक की गई। प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष नगर की समस्याओं को रखा गया। प्रमुखता से मझोला चीनी मिल बंद होने से व्यापार पिछड़ने की दिक्कत को बताया। अपील की गई कि व्यापार को विकसित करने के लिए शासन स्तर पर मिल चलवाने के प्रयास किए जाएं। नगर अध्यक्ष अजय गोयल ने प्लास्टिक बैन की समस्या रखी। कहा कि बेवजह उत्पीड़न किया जाता है।

इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पॉलीथिन का सिर्फ कैरी बैग प्रतिबंधित है। ग्रामीण क्षेत्रों में वो भी पाबंदी नहीं है। इसकी आड़ में व्यापारियों का उत्पीड़न और दोहन किया जाता है, जिसे व्यापार मंडल किसी भी हाल में बर्दास्त नहीं करेगा। नियम विरुद्ध हर कार्यवाही का विरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनके संज्ञान में अब मझोला चीनी का प्रकरण आ गया है, मझोला चीनी मिल के बन्द होने की समस्या को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। हर पटल में इसको चलाने की मांग मजबूती से की जाए।

इस मौके पर रामानंद सिंह, सलीम इदरीसी, प्रेम गोयल, विकास अग्रवाल, अक्षय कुमार सिंह, भोलेनाथ सिंह, सोनपाल सिंह राणा, अनवर अंसारी, गुलशन स्वर्णकार, उत्तम गोलदार आदि मौजूद रहे।

# अब अभिभावकों को चिट्ठी देकर मतदान के लिए प्रेरित करेंगे बच्चे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मतदाता जागरूकता ग्रीटिंग कार्ड और चिट्ठी दिखाते बच्चे( • अमृत विचार

- बच्चों को सौंपी गई चिट्ठी, अब अभिभावक को करेंगे मतदान के लिए प्रेरित
- लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर स्वीप कोऑर्डिनेटर एसएन इंटर कॉलेज के शिक्षक इंतज़ार ख़ान की ओर से विधानसभा चुनाव 2022 में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मतदान जागरूकता ग्रीटिंग कार्ड बांटे गए और रैली निकालकर मतदान करने की अपील की गई।

ग्राम पंचायत चंदोई में मतदेय स्थल जूनियर हाईस्कूल बूथ संख्या 207 पर बीते विधानसभा चुनाव में 56.59 प्रतिशत मतदान हुआ था। आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने की अपील की गई। सोमवार को हुए कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता ग्रीटिंग कार्ड बांटे गए। ग्रामीणों को मतदान की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अभिभावक मतदाता जागरूकता चिट्ठी का वितरण किया गया। स्वीप कोऑर्डिनेटर ने कहा कि सभी छात्र यह चिट्ठी अपने माता-पिता को देकर उन्हें मतदान करने को प्रेरित करेंगे।

छोड़ो सारे अपने काम सबसे पहले करो मतदान..का नारा देते हुए अपील की जाएगी। इस मौके पर हनीफ, शिक्षिका साजदा खातून, असमत जहां, तबस्सुम फातिमा, रंजना कुमारी, उर्मिला, अनम परवीन आदि मौजूद रहे। छात्र -छात्राओं ने जागरूकता रैली भी निकाली।

उधर, श्रीसाईंनाथ एजूकेशनल ट्रस्ट द्वारा संचालित शैक्षिक संस्था डिवाइन कॉलेज में मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शपथ दिलाई गई कि बिना किसी प्रलोभन मताधिकार का प्रयोग किया जाएगा।

## महिला ने पुत्रवधू के पिता समेत चार पर लिखाई रिपोर्ट

**बरखेड़ा, अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चोरी, छेड़छाड़ और मारपीट की धाराओं में एक महिला की ओर से रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि उसके पुत्र की शादी 27 अप्रैल 2022 को हुई थी। उनकी पुत्रवधू का व्यवहार शुरुआत से खराब था। वह बात-बात पर नाराज होकर मायके चली जाती थी। पांच अगस्त 2023 को उनकी पुत्रवधू ने एक बच्ची को जन्म दिया, जिसका नामकरण 13 अगस्त को होना था। नामकरण की दावत में पुत्रवधू के मायके वाले भी आए थे। आरोप है कि उन्होंने जेवरात और 1.10 लाख रुपये चोरी कर लिए। पीड़िता जब कमरे में पहुंची तो आरोपी बाहर निकल रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़ित की पिटाई की। कपड़े फाड़ दिए और छेड़छाड़ की। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी। रिपोर्ट में डंडिया राझे गांव निवासी चार लोगों को आरोपी बनाया है।

# भाईचारे से मनाएं त्योहार खुराफात पर होगी कार्रवाई



तहसील परिसर में बैठक में मौजूद अधिकारी व संभ्रांत नागरिक। • अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** रमजान व होली के मद्देनजर सोमवार को पूरनपुर तहसील परिसर में पीस कमेटी की बैठक हुई। एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला, सीओ आलोक सिंह, इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार के नेतृत्व में आयोजित बैठक में अधिवक्ता, समाजसेवी और अन्य प्रबुद्धजन शामिल रहे। सीओ ने रमजान के दौरान सहरी और इफ्तारी के वक्त पर्याप्त बिजली सप्लाई का बिंदु रखा। एसडीएम ने आश्वस्त किया कि दोनों वक्त बिजली आपूर्ति रहेगी। एसडीएम ने कहा कि मस्जिदों के आसपास या जहां भी जरूरत हो वहां पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। साफ-सफाई बेहतर रहेगी। चूंकि रमजान के साथ इसी महीने होली भी है। तहसील क्षेत्र में करीब 116 होलिका स्थल हैं। सीओ ने कहा कि हर होलिका स्थल के लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी। एडवोकेट संजय पांडेय ने होली पर 24 घंटे के लिए शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया। सीओ ने आश्वस्त किया इस संबंध में उच्चाधिकारियों से बात करके प्रतिबंध लगाया जाएगा। इस मौके पर एडवोकेट नईम अहमद, पूर्व चेयरमैन मुन्ने मियां अंजाना आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बीडीसी महासंघ ने दिया धरना, एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**पूरनपुर।** क्षेत्र पंचायत के विकास कार्यों को लेकर ब्लॉक में जारी टेंडर का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीडीसी महासंघ के नेतृत्व में सोमवार को दर्जनभर से अधिक बीडीसी सदस्य धरने पर बैठ गए। इसके बाद एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में महासंघ ने आरोप लगाया कि पिछले दिनों टेंडर निरस्त करने के बाद फौरन दूसरे टेंडर जारी कर दिए गए। इसकी जांच की जाए। एडीओ और लेखाधिकारी पर टेंडर की सौदेबाजी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। बीडीसी महासंघ के बैनर तले सोमवार को करीब एक दर्जन सदस्य ब्लॉक कार्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। धरने के दौरान वक्ताओं ने कहा कि केवल बीडीसी सदस्यों के प्रस्तावों पर ही कार्ययोजना बनाकर टेंडर निकाले जाएं। अन्यथा की स्थिति में अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। इस मौके पर बीडीसी महासंघ के जिलाध्यक्ष अतेंद्रपाल सिंह, बलविंदर सिंह, महेश कुमार, अजय भारती, अरविंद, मोहम्मद रफीक, बरातीलाल, सुनील देवल, समीर खान, इरफान खान, प्रेमशंकर आदि उपस्थित रहे। धरने के बाद सदस्यों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। टेंडर पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर पिछले एक पखवाड़े से जारी है।

### निवेशकों ने तहसील परिसर में किया प्रदर्शन, ज्ञापन दिया

**बीसलपुर।** सहारा इंडिया में जमा की गई लाखों की धनराशि वापस न मिलने से परेशान खाता धारकों ने सोमवार को तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार कर्म सिंह को सौंपा गया। क्षेत्र के कई खाताधारक एकजुट होकर तहसील पहुंचे। उन्होंने ज्ञापन देते हुए कहा कि जनपद भर में खोली गई कंपनी की समस्त शाखाएं सालों से बंद पड़ी है। तीन वर्षों से वह जमा की गई धनराशि परिपक्व होने के बाद भी खाताधारकों को नहीं दी गई है। जबकि बीते साल जुलाई में ऑनलाइन भुगतान प्राप्त करने के लिए पोर्टल लॉन्च किया गया था। मगर भुगतान नहीं मिल सका है। परिवारों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति बनी हुई है। इसका समाधान कराने की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में सर्वेश कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अंगनेलाल, रामप्रकाश आदि खाताधारक थे।

### तौफीक फिर बने समाजवादी पार्टी के जिला सचिव

**पूरनपुर।** कस्बे के रहने वाले तौफीक अहमद कादरी को समाजवादी पार्टी का जिला सचिव मनोनीत किया गया है। सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने उन्हें मनोनयन पत्र सौंपा। तौफीक अहमद समाजवादी पार्टी में वर्ष 2005 से जुड़े हैं। जिला सचिव बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हे फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर सभासद नादिर रजा बरकाती, पप्पू शाह, मोनिश खान शेरी, महेश आजाद, शिव कुमार यादव, ओमकार गुप्ता, बृजपाल यादव, अमन यादव, खालिद रजा, राशिद खान, राजा अंग्रेज सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपा ने पूरनपुर में खोला चुनाव कार्यालय

**पूरनपुर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन चुनाव की तैयारी तेजी से चल रही है। जिला मुख्यालय पर चुनाव कार्यालय पहले ही खोला जा चुका था। सोमवार को बरखेड़ा विधानसभा और पूरनपुर विधानसभा में चुनाव कार्यालय खोल दिया गया है। सोमवार को सिरसा चौराहे के पास लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल, जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, विधायक बाबूराम पासवान और विधानसभा प्रभारी यतीन भाटिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर चुनाव कार्यालय की शुरुआत कराई। इस मौके पर महादेव गाईन, भारतेन्दु सिंह, अनुराग अग्निहोत्री, आशुतोष दीक्षित, वीर नारायण लोधी, संजय सिंह, हरिराम गौतम, मुनेन्द्र पाल सागर, शिवशंकर अग्निहोत्री, भगवती सिंह आदि मौजूद रहे।

# लाउडस्पीकर, पटाखा बुलेट से लोग परेशान

संवाददाता, पूरनपुर



एसडीएम राजेश शुक्ला को ज्ञापन देते कार्यकर्ता। • अमृत विचार

- राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- बोले- ध्वनि प्रदूषण से बढ़ रहीं हार्टअटैक की धटनाएं

**अमृत विचार:** धार्मिक स्थल पर लगे लाउडस्पीकर, डीजे और बुलेट से निकाली जा रही पटाखे की आवाज से नगर के लोग परेशान हैं। अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण से बीमर हो रहे हैं। हार्ट अटैक का खतरा तक बन रहा है। राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को उठाते हुए ध्वनि प्रदूषण को देखते हुए इन सभी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ता सोमवार को एकत्र होकर तहसील पहुंचे और एसडीएम राजेश शुक्ला को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया कि राष्ट्रीय हरित क्रांति अधिकरण की बेंच के अनुसार आवासीय क्षेत्र में 45 से55 डेसिबल से अधिक आवाज नुकसानदायक हो सकती है। इसके बावजूद सुबह कई धार्मिक स्थलों से तेज आवाज में लाउड स्पीकर बजाए जाते हैं। इसके अलावा बरात घरों में देर रात तक डीजे बज रहा है। इससे बीमार और बुजुर्गों को परेशानी होती है। सडकों पर दौड़ रही अधिकांश बुलेट बाइक से युवा पटाखे की आवाज निकाल रहे हैं। कई बार पुलिस से पहले भी शिकायत की जा चुकी है। मगर औपचारिकतापूर्ण कार्रवाई हो सकी। इससे बहरेपन की दिक्कत भी बढ़ सकती है। हार्टअटैक का भी खतरा बना रहता है। कोर्ट के आदेशों की अवहेलना खुलकर की जा रही है। इस पर सख्ती से प्रतिबंध लगाने की मांग की गई।

ज्ञापन देने वालों में डा. दयाल विश्वास, जिला प्रभारी धनंजय मिश्रा, शिवम भदौरिया, रामाशंकर गुप्ता, शिवा पांडेय आदि रहे।

# घर में घुसकर की छेड़छाड़ दो आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** कोतवाली दियोरियाकलां क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर युवती और विवाहिता से छेड़छाड़ की गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस को दी गई तहरीर में एक युवती ने बताया कि नौ मार्च की रात वह घर पर सो रही थी। इस बीच गांव का इमरान घर में घुस आया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर मारने की धमकी दी।

पीड़िता के शोर मचाने पर परिवार के अन्य सदस्य जाग गए। इस पर आरोपी धमकी देकर भाग गया। दूसरी घटना में एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि 10 मार्च को उसके परिवार के सदस्य खेत पर काम करने गए हुए थे। वह घर पर अकेली थी। इस बीच बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम खगइया निवासी हरिशंकर घर में घुस आया और पीड़िता को पकड़ लिया। अश्लील हरकत करते हुए छेड़छाड़ की। कपड़े भी फाड़ दिए। शोर पर आसपास के लोग जमा हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाल दियोरियाकलां उमेश सिंह सोलंकी ने बताया कि दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कराई जा रही है।







रमजान मुबारक
12 मार्च 2024, मंगलवार
पहला रोज़ा इफ्तार 6:21 बजे
13 मार्च 2024, बुधवार
दूसरी सहरी 5:01 बजे
नोटः- सहरी व इफ्तार में क्षेत्रवार समय में परिवर्तन हो सकता है।
केजीएन ब्रिक फील्ड, देवीपुरा
नफीस अहमद
मो. 9412433389

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई



गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# एंटी करप्शन ने पॉवर कॉरपोरेशन के संविदा कर्मी को घूस लेते रंगेहाथ दबोचा

## ग्रामीण से बिजली का घरेलू कनेक्शन दिलाने को जेई के नाम पर मांगे थे तीन हजार रुपये

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** पॉवर कारपोरेशन के संविदा कर्मी को बरेली से आई एंटी करप्शन की टीम ने बीसलपुर तहसील के पास से रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा लिया। उसने घरेलू कनेक्शन दिलाने के नाम पर तीन हजार रुपये की रिश्वत ली थी। दिनभर चली पूछताछ के बाद बीसलपुर कोतवाली में उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

बीसलपुर के ग्राम मीरपुर वाहनपुर निवासी दिव्यांग सरताज खां को अपने घर का बिजली कनेक्शन लेना था। उनके आवेदन करने पर संविदा कर्मी ग्राम नीवादांडी निवासी रिंकू यादव ने कनेक्शन दिलाने के नाम पर तीन हजार रुपये मांगे। कहा कि जेई साहब को देना है। रूपये नहीं दिए तो कनेक्शन नहीं मिलेगा। पीड़ित ने रुपये नहीं दिए तो उसने कनेक्शन नहीं होने दिया। इस पर एंटी करप्शन बरेली कार्यालय जाकर मामले की शिकायत की थी। इस पर एंटी करप्शन टीम ने पहले गोपनीय जांच की। टीम ने पहले बीसलपुर आकर पूरे मामले की जानकारी जुटाई, जिस पर संविदा कर्मी की छवि भ्रष्ट पाई गई। प्रथम दृष्टया रिश्वत मांगने का आरोप भी सही पाया गया।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर एंटीकरप्शन की टीम सोमवार को बीसलपुर पहुंची। जहां टीम ने पहले शिकायतकर्ता से बात की। इसके बाद आरोपी को रंगेहाथ पकड़ने के लिए पूरी प्लानिंग की। रिश्वत के तौर पर दिए जाने वाले नोटों पर केमिकल लगाने के साथ ही एक-एक नोट के नंबर डायरी में दर्ज किए। इसके बाद नोट शिकायतकर्ता को दिए। उसने वही नोट आरोपी संविदा कर्मी रिंकू यादव को तहसील बीसलपुर के पास बुलाकर दिए। संविदा कर्मी के रुपये लेते ही वहां मौजूद एंटी करप्शन टीम के सदस्यों ने आरोपी को दबोचा लिया। उसके पास से बरामद नोटों को चेक किया गया। उसके हाथ धुलवाए तो पानी लाल हो गया। उसके पास वही नोट पाए गए, जो एंटीकरप्शन की टीम ने शिकायतकर्ता को दिए थे। टीम उसे हिरासत में लेकर कोतवाली बीसलपुर ले गई। जहां आरोपी से घंटों पूछताछ की गई। देर शाम एंटी करप्शन के निरीक्षक जितेंद्र सिंह की ओर से दी गई तहरीर पर भ्रस्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली गई।

### पिछले साल पकड़े गए थे दरोगा समेत पांच कर्मचारी

जिले में रिश्वत लेते एंटी करप्शन टीम ने साल 2023 में पांच सरकारी कर्मचारियों की धरपकड़ की थी। 11 अक्टूबर को बीआरसी बिलसंडा का डाटा एंट्री ऑपरेटर विकल्प सिन्हा गिरफ्तार किया गया था। आठ सितंबर को एक किसान से मिली शिकायत के बाद टीम ने कलीनगर तहसील क्षेत्र के लेखपाल केके सागर को पांच हजार की रिश्वत लेते पकड़ा था। जुलाई में एंटी करप्शन टीम ने पूरनपुर तहसील के लेखपाल सुनील कुमार को दस हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। उस वक्त किसान से तूंदाबंदी कराने के नाम पर रिश्वत मांगी गई थी। इसके अलावा मार्च में एंटी करप्शन टीम ने दस हजार रुपये की रिश्वत लेते अमरिया तहसील के लेखपाल अनुराग गंगवार की भी गिरफ्तारी की थी। 25 दिसंबर को अमरिया थाने के दरोगा महेंद्र सिंह को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया था। कोर्ट के आदेश पर दर्ज की गई सामूहिक दुष्कर्म के मुकदमे में आरोपी से फाइनल रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत मांगी गई थी।

# बाघ ने छुट्टा पशु पर किया हमला

**पीलीभीत, अमृत विचारः** माला रेंज के समीप बाघ ने खेत में एक छुट्टा पशु पर हमला कर दिया। हमला देख पास के खेत में काम रहे किसान के होश उड़ गए। किसान ने भागकर बमुश्किल अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची वन कर्मियों की टीम ने निगरानी शुरू कर दी है। घटना माला रेंज की गढ़ा बीट के समीप सोमवार दोपहर को हुई। गांव बैजूनागर निवासी किसान बनवारी लाल खेत में गन्ने की कटाई कर रहे थे। इसी दौरान जंगल से निकले बाघ ने पड़ोस के गन्ने के खेत में एक छुट्टा पशु पर हमला कर दिया। बाघ का हमला देख गन्ना कटाई कर रहे किसान बनवारी लाल भाग खड़ा हुआ।

किसान ने बाघ होने की सूचना गांव वालों के अलावा वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर वन कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची। पड़ताल करने के बाद टीम ने निगरानी शुरू कर दी है। माला रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रोबिन कुमार ने बताया है कि बाघ की सूचना मिलने पर टीम को भेजा गया है। निगरानी करने के साथ किसानों को सचेत किया गया है।

# गोकशी में तीन तस्करों को पांच साल कैद, जुर्माना

विधि संवाददाता, पीलीभीत

- अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार सिंह ने सुनाया फैसला
- 2021 में पूरनपुर कोतवाली में दर्ज की गई थी रिपोर्ट

**अमृत विचारः** तीन साल पुराने गोकशी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार सिंह ने सुनवाई के बाद तीन तस्करों शेरपुर कलां निवासी तालिब पुत्र मोहम्मद यूसुफ, बड़े पुत्र नूर अहमद और एजाज पुत्र उस्मान को दोषी पाया। तीनों को पांच साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही तीनों पर ढाई-ढाई लाख का अर्थदंड से भी दंडित किया। जबकि चौथे आरोपी तालिब को आर्म्स एक्ट में भी तीन साल कैद और तीन हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई।

अभियोजन कथानक के अनुसार पूरनपुर कोतवाली में एसआई उदयवीर सिंह ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि 14 नवंबर 2021 को वह पुलिस बल के साथ रात्रि गश्त पर थे। इस बीच सूचना मिली कि कुछ तस्कर खुटार रोड की तरफ से एक बछड़ा की हत्या करने के लिए शेरपुरकलां की तरफ ले जा रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस बल के साथ धर्मकांटे के पास आड़ लेकर छिपकर बैठ गए। कुछ देर बाद तीन तस्कर बछड़े को पीटते हुए ले जाते दिखाई दिए। जब उन्हें रुकने को कहा तो उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। घेराबंदी कर कुछ दूरी से दो अभियुक्त तालिब और बड़े को गिरफ्तार कर लिया। तालिब के पास से तमंचा और खोखा कारतूस बरामद हुआ। जबकि बड़े के पास से गोकशी से संबंधित औजार बरामद हुए। बछड़ा भी बरामद किया गया। तीसरे आरोपी एजाज मौके से भाग गया। विवेचना कर पुलिस ने तीनों अभियुक्तों के खिलाफ चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। न्यायालय ने सुनवाई के बाद अभियुक्त तालिब, एजाज और बड़े को दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

# जिले में खुलेंगी शराब की 30 नई दुकानें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीएम के माध्यम से शासन को भेजा गया प्रस्ताव

**अमृत विचारः** जनपद में शराब की 30 नई दुकानें खोली जाएंगी। इन नई दुकानों का प्रस्ताव बनाकर डीएम के माध्यम से शासन को भेजा गया है। वहीं, वर्ष 2024-25 के लिए शराब की दुकानों का नवीनीकरण भी किया जा चुका है।

जनपद में वर्तमान में देशी-विदेशी मदिरा और बीयर मिलाकर 320 दुकानें हैं। इसमें 244 देशी शराब की दुकानें शामिल हैं। अंग्रेजी शराब की 38, बीयर की 29 एवं भांग की आठ दुकानें हैं। जिले में शराब की नई दुकानों को लेकर शासन द्वारा प्रस्ताव मांगा गया था। आबकारी विभाग द्वारा 30 शराब की नई दुकानों का प्रस्ताव तैयार कर डीएम को भेजा गया था। डीएम के अनुमोदन के बाद प्रस्ताव को शासन को भेजा गया है। शासन से मंजूरी मिलने के बाद दुकानों को लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं, जिले में संचालित देसी, विदेशी शराब और भांग की दुकानों के नवीनीकरण की प्रक्रिया आबकारी विभाग ने पूरी कर ली है।

आबकारी विभाग के मुताबिक प्रक्रिया के तहत देशी शराब की 244, अंग्रेजी की 38, बीयर की 29 और भांग की आठ दुकानों का नवीनीकरण किया गया है। इन दुकानों का प्रतिवर्ष नवीनीकरण किया जाता है। प्रतिवर्ष निर्धारित शुल्क लेकर नवीनीकरण की कार्यवाही की जाती है। नवीनीकरण का शुल्क न मिलने की स्थिति में लकी ड्रॉ के माध्यम से दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन मांगे जाते हैं।

> जिले में संचालित सभी शराब, बीयर और भांग की दुकानों के नवीनीकरण किया गया है। नई आबकारी नीति के अनुसार दुकानों का संचालन कराया जाएगा। शासन के निर्देश पर 30 नई शराब की दुकानों का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। **– कल्पनाथ रजक**, जिला आबकारी अधिकारी

# प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका को पीटा

**बिलसंडा, अमृत विचार :** प्रेमी से मिलने उसके घर पहुंची प्रेमिका की परिजनों ने पिटाई कर दी। युवती बेसुध होकर सड़क पर गिर गई। इसके बाद उसे सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया। इस मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई है।

थाना क्षेत्र की एक युवती का करीब दो साल से पड़ोस के गांव के रहने वाले युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा है। कुछ दिनों से प्रेमी ने युवती से मिलना बंद कर दिया। इस पर सोमवार को वह प्रेमी से मिलने के लिए उसके घर आ गई। युवक के परिजनों ने युवती को घर में घुसने ही नहीं दिया। वापस न जाने पर युवक के परिजन भड़क गए और आरोप है कि युवती की पिटाई कर दी। युवती बेसुध होकर सड़क पर गिर गई तो किसी ग्रामीण ने एंबुलेंस बुला दी। जिसके बाद युवती को सीएचसी भर्ती कराया गया। युवती की मां को जानकारी हुई तो वह भी युवक के घर पहुंच गई। आरोप है कि फिर उनके साथ भी मारपीट की गई। इसके बाद युवती के परिवार ने यूपी 112 पर कॉल कर शिकायत की। इंस्पेक्टर अजय कुमार ने बताया कि यूपी 112 पुलिस मौके पर गई थी।

# जिले में हाई अलर्ट घोषित, हालात का जायजा लेने निकले अफसर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



शहर में फोर्स के साथ फ्लैग मार्च करते एएसपी विक्रम दाहिया। ● अमृत विचार

- सेक्टर और जोन स्कीम लागू, खुफिया विभाग ने तेज की निगरानी
- सीएए की अधिसूचना जारी होने के बाद बढ़ाई सतर्कता

**अमृत विचार :** केंद्र सरकार ने सोमवार शाम को नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है। इसके बाद जिले में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। जोन और सेक्टर स्कीम लागू करते हुए सीओ और समस्त थाना प्रभारियों को चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं। मिश्रित आबादी और मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। देर शाम सोमवार को एएसपी और सीओ सिटी के नेतृत्व में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स ने फ्लैग मार्च भी निकाला।

सोमवार शाम को केंद्र सरकार ने जैसे ही सीएए और एनआरसी का नोटिफिकेशन जारी किया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी जिलों में अलर्ट जारी कर पुलिस अफसरों को चौकसी बरतने के निर्देश दिए। चूंकि वर्ष 2019 और 2020 में सीएए के विरोध के नाम पर खुराफाती खुराफात कर चुके हैं। ऐसे में पीलीभीत पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। एएसपी विक्रम दहिया ने सभी सीओ और थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्रों में भ्रमण करने के निर्देश दिए। एएसपी ने कहा कि यदि प्रदर्शन के नाम पर कोई खुराफात करने का प्रयास करेगा तो पुलिस उससे सख्ती से निपटेगी। जोनल और सेक्टर स्कीम लागू करके सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर फोर्स तैनात किया गया है। सोमवार शाम को एएसपी विक्रम दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नरेश त्यागी, प्रभारी निरीक्षक सुनगढ़ी संजीव शुक्ला ने पुलिस बल के साथ शहर के बेलो वाला चौराहा, कमल्ले चौराहा, लाल रोड, नौगवां पकड़िया, चिड़ियादाह समेत कई स्थानों पर फ्लैग मार्च किया। एएसपी विक्रम दहिया ने बताया कि सोमवार को सीएए की अधिसूचना जारी होने के बाद जिले में अलर्ट जारी किया गया है।

# बिलसंडा में पांच स्थानों पर लगेंगे वाटर प्यूरीफायर टैंक



**बिलसंडा।** नगर वासियों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए 16 लाख रुपये की लागत से पांच स्थानों पर लगने प्यूरीफायर आरओ वाटर टैंक लगाए जाएंगे। सोमवार को बीसलपुर के भाजपा विधायक विवेक वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता ने इसका शिलान्यास किया। गर्मी में मुसाफिरों को राहत देने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही अमृत-2 योजना के तहत नगर में पांच स्थानों पर शुद्ध एवं शीतल जल के लिए प्यूरीफायर लगाए जाएंगे। इससे तपती गर्मी में पीने का शुद्ध पानी लोगों को मुहैया होगा। चेयरमैन डीके गुप्ता ने बताया कि कुल 16 लाख रुपये की लागत से नगर के श्रीनिवास कुंज आश्रम, कमल पार्क, बंडा बस अड्डा, बैंक ऑफ बड़ौदा चौराहा एवं मोहल्ला इस्लामनगर में दादा मियां की मजार के पास वाटर टैंकों का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर सभासद रजत सागर, जलालुद्दीन अंसारी, आशीष सक्सेना, सलीम मंसूरी, मोहम्मद रफीक, सुधांशु पाराशर, बाबूराम कश्यप, विनोद कश्यप, अमन गुप्ता, अनमोल गुप्ता, परदेशी बाबू आदि मौजूद रहे।

# औषधि निरीक्षक का जनरल स्टोर पर छापा

संवाददाता, बीसलपुर



जनरल स्टोर पर जांच करतीं औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** ब्रांडेड कंपनियों के नकली उत्पाद बेचने की शिकायत पर ड्रग इंस्पेक्टर ने टीम के साथ तहसील रोड स्थित एक जनरल स्टोर में छापा मारा। यहां से क्रीम व साबुन के नमूने लिए।

कुछ लोगों ने डीएम से तहसील रोड स्थित एक जनरल स्टोर पर ब्रांडेड कंपनियों के नाम पर नकली क्रीम साबुन, सैम्पू व अन्य कॉस्मेटिक उत्पाद बिक्री किए जाने की शिकायत की थी। डीएम ने इस मामले में जांचकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस पर सोमवार का औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य ने टीम के साथ संबंधित जनरल स्टोर पर छापा मारा। दुकान में रखे ब्रांडेड कंपनियों के नाम लिखे क्रीम व साबुन के सैंपल लिए। बिल संबंधी अभिलेख दुकानदार नहीं दिखा सका। औषधि निरीक्षक ने बताया कि मेराज जनरल स्टोर में कॉस्मेटिक उत्पाद नकली होने की शिकायत मिली थी। इसी के तहत सैंपल लिए गए हैं।

# तीन दिवसीय प्रदर्शनी आज से

**पीलीभीत, अमृत विचारः** केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण नीतियों, निर्णयों, उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित तीन दिवसीय प्रदर्शनी 12 मार्च से गांधी प्रेक्षागृह में लगाई जाएगी।

राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह और जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह संयुक्त रुप से सुबह 11.30 बजे इसकी शुरुआत कराएंगे। इस प्रदर्शनी में आम जनमानस भी प्रतिभाग कर सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी ले सकेंगे।

# ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर रोड नहीं तो वोट नहीं के लगाए नारे





**मझोला।** ग्राम टोडरपुर से न्यूरिया जाने वाली रोड लंबे समय से जर्जर है। इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को दिक्कत होती है। ग्रामीणों की मानें तो कई बार जनप्रतिनिधि और अधिकारियों से सड़क बनाने की मांग की जा चुकी है लेकिन आश्वासन ही मिल सके। ग्राम पंचायत टोडरपुर के ग्रामीणों ने इसे लेकर आक्रोश जताया। ग्रामीणों ने सोमवार को रोड नहीं तो वोट नहीं के पोस्टर के साथ चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी है। गांव में लगे पोस्टर के बारे में जब प्रशासनिक अधिकारियों को जानकारी हुई तो खलबली मच गई। एसडीएम अमरिया अजीत प्रताप सिंह ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की और आश्वासन देकर समझाया। सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। ग्रामीण भी शांत हो गए। फिर गांव में लगे पोस्टर को हटवाया गया।

**प्रस्ताव** चार महीने पहले शासन को भेजा गया था मास्टर प्लान 2031, शहर से सटे 40 गांवों को नगर पालिका में किया गया शामिल

# विकास का खाका तैयार, शासन से हरी झंडी का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मास्टर प्लान 2031 का प्रस्तावित प्रारुप। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मास्टर प्लान-2031 का खाका तैयार होने के साथ उम्मीद जगी थी कि जल्द ही शहर और आसपास के इलाके की तस्वीर बदल जाएगी। जिला स्तर से लेकर शासन स्तर तक मास्टर प्लान का प्रस्तुतिकरण हो चुका है। मगर अभी तक मास्टर प्लान को शासन से मंजूरी नहीं मिल पाई है। इससे शहर को विकसित करने की योजना अधर में लटकी है।

शहर को सुनियोजित ढंग से विकसित करने के लिए गत वर्ष मास्टर प्लान का खाका तैयार किया था। सेंटर फॉर सिम्बायोसिस ऑफ टेक्नोलॉजी एनवायरनमेंट एंड मैनेजमेंट ने शहर और इससे सटे 40 गांवों का सर्वे किया था। सर्वे के आधार पर तैयार मास्टर प्लान को गत वर्ष अक्टूबर में शासन को भेजा गया था। मास्टर प्लान का 22 नवंबर 2023 को लखनऊ में प्रस्तुतीकरण भी हो चुका है। मगर, अभी तक इस पर शासन की मुहर नहीं लग सकी है। मास्टर प्लान साल 2031 की जनसंख्या को ध्यान में रखकर तैयार किया गया। इसके मुताबिक 2031 में शहर की जनसंख्या दो लाख 62 हजार होने का अनुमान है।

> शासन द्वारा मास्टर प्लान 2031 के कुछ बिंदुओं पर पुनर्विचार करने को कहा गया था। इसका निस्तारण करके पुन: शासन को भेजा गया है। अब शासन की मंजूरी मिलने का इंतजार है। **–संजय कुमार सिंह**, डीएम

### औद्योगिक क्षेत्र को आवासीय में दर्ज करने पर उठाए सवाल

मास्टर प्लान को लेकर पिछले दिनों शासन स्तर पर बैठक हुई थी। बैठक में औद्योगिक क्षेत्र को आवासीय क्षेत्र में किए गए बदलाव पर पुनर्विचार करने के निर्देश दिए गए थे। बताते हैं कि मास्टर प्लान 2011 में दर्शाए गए औद्योगिक क्षेत्र को मास्टर प्लान में आवासीय दर्शाया गया। हालांकि मास्टर प्लान को औद्योगिक क्षेत्र में दर्ज कर शासन को दोबारा भेज दिया गया है। मास्टर प्लान 2031 में 197 हेक्टेयर भूमि उद्योगों के लिए प्रस्तावित की गई है।

### 40 गांवों को लगेंगे विकास के पंख

महायोजना में शहर के साथ आसपास के 40 गांव भी शामिल हुए। इसमें मुड़िया पनई, चंदोई, पकड़िया नौगवा, मीरापुर एहतमाली, बख्शपुर, दियोनी केसरपुर, बिलगंवा, कोहना, हिम्मतनगर, पीलीभीत एहतमाली आदि गांव शामिल किए गए हैं। महायोजना के लागू होते ही इन गांवों में विकास के पंख लग जाएंगे।

### पहले मास्टर प्लान को वर्ष 1998 में मिली थी मंजूरी

शहर के विकास, ढांचागत संसाधन एवं सुविधाओं को विकसित करने के लिए पहले मास्टर प्लान 2011 को ध्यान में रखकर वर्ष 1998 में शासन से स्वीकृति मिली थी। अगले मास्टर प्लान के लिए वर्ष 2021 में प्रारूप तैयार किया जाना था। मगर कोरोना काल के चलते सत्र को शून्य कर दिया गया था। वर्ष 2022 का मास्टर प्लान 2031 को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

# श्रमिक के मकान पर गिरा पेड़ा महिला घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव जगीपुर निवासी सर्वेश कुमार, उसके बड़े भाई वेदपाल मजदूरी करते हैं। उनका परिवार कच्चे मकान में गुजर बसर करता है। मकान पर टिनशेड पड़ा हुआ है। इन दिनों दोनों भाई मजदूरी करने हरियाणा गए हुए हैं। घर पर दोनों भाइयों की पत्नियां व बच्चे रह रहे हैं। रविवार रात करीब आठ बजे सर्वेश कुमार की पत्नी राजरानी व परिवार के अन्य सदस्य खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे। इस बीच मकान के पिछले हिस्से में कैथा का पेड़ गिर पड़ा। इसके बाद टिनशेड टूटकर गिरा और मलबा परिवार के सदस्यों के ऊपर गिरा। इससे राजरानी घायल हो गईं, जबकि अन्य को मामूली चोटें आईं। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए और सभी को बाहर निकाला। फिर डाक्टर को दिखाया।

Affiliation No. 2133588 School No. 71740
CBSE Board New Delhi
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY



For the bright future of your child join
ADMISSION OPEN
Play Group to 10th
Salient Features
● Rich Library and well equipped Chemistry Lab ● Physics Lab, Bio Lab. and Computer Lab ● Well Decorated Pre-Nursery wing for little Angles ● Smart Badminton & Volleyball ● Creative and innovative method of teaching ● Ventilated and Spacious Class Rooms ● Experienced, dedicated & Caring staff ● Emphasis on Co-Curricular activities ● Ideal Infrastructure ● Special Classes for weak Students ● Regular Parent-Teacher meeting ● Monthly test for all subject and classes
Transport Facility on all Existing Routes.
Vision
Aim at Providing of fun filled & joyful learning experience so that the child can achieve success during the later period of their life.



Raghuveer Singh Yadav
Director
Esteemed Branches
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Behjan Road, Goomchini, Lakhimpur-Kheri
Contact No. : 9161307744, 9450218375
e-mail : vgsagoomchini@gmail.com
VIVEK GYAN STHALI ACADEMY
Ram Nagar Colony, Lakhimpur-Kheri
Contact No. 9648812666, 9598578916
Web : www.vivekgyansthaliacademy.com

## एक नजर

### देवी-देवताओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। सोशल मीडिया पर देवी देवताओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर पोस्ट वायरल करने वाले आरोपी को थाना शारदा नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है। थाना शारदा नगर के गांव सिरसी निवासी मस्तराम उर्फ मस्तू ने दो दिन पहले सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट वायरल की थी। इससे लोगों में काफी रोष है। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आईटी एक्ट के तहत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी मस्तराम उर्फ मस्तू को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी का चालान भेजा है।

### एसएसबी ने लगाया पशु चिकित्सा शिविर

पलिया। थारू ग्राम हिम्मतनगर में एसएसबी ने पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया। एसएसबी की डॉ. शालिनी परिहार द्वितीय कमान अधिकारी (पशु चिकित्सा) ने पशुओं की मुफ्त चिकित्सा की और दवाएं दीं। शिविर में ग्राम ढकिया व उसके आसपास के पशु पालक पशुओं को लेकर पहुंचे और उपचार कराया।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# नारकीय जीवन जीने को विवश मजरा टापरपुरवा के लोग

## विकास पर लाखों खर्च, फिर भी गांव की नहीं बदली सूरत, गंदे पानी में होकर निकलने को मजबूर ग्रामीण

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचार:** सरकार गांवों की तस्वीर बदलने के लिए ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये भेज रही हैं ताकि गांवों की तस्वीर बदल जाए, लेकिन यहां तस्वीर कुछ और है। हम बात कर रहे हैं ग्राम पंचायत छेदुई पतिया के मजरा टॉपर पुरवा की। जब मजरे का यह हाल हो सकता है तो ग्राम पंचायत की तस्वीर क्या होगी इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

विकास खंड निघासन की ग्राम पंचायत छेदुई पतिया निवासी राजेंद्र यादव, पूर्व प्रधान अवधेश, कढ़िले, सुनील भार्गव, कुसमा देवी ने संपूर्ण समाधान दिवस से लेकर डीएम तक से कई बार शिकायत कर बताया कि विकास कार्य कराने के लिए आवंटित धन का बंदरबांट हो गया, जिसे कोई देखने वाला और सुनने वाला नहीं है। ग्रामवासी नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। पूरी ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन कार्यक्रम को जनप्रतिनिधि पलीता लगा रहे हैं, जबकि डबल इंजन की सरकार नगर पंचायत से लेकर गांवों की तस्वीर बदलने व सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान के लिए भी प्रत्येक ग्राम पंचायतों को धन आवंटित कर रही है।


गांव टॉपरपुरवा से छेदुई पतिया मार्ग पर भरा कीचड़ व पानी। ● अमृत विचार


टॉपरपुरवा से धोबीपुरवा मार्ग पर भरा पानी। ● अमृत विचार

● ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस से लेकर डीएम तक से कई बार की शिकायत

इसके बाद भी थोड़ी सी बरसात होते ही गांव का हाल काफी खराब हो जाता है। लोगों को रास्तों पर निकलना मुश्किल हो जाता है। गांव की सड़कों पर भरा रहने वाला गंदा पानी निकलने की कोई व्यवस्था नहीं है। इससे ग्राम वासी नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार ग्राम पंचायतों के विकास के लिए लाखों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन ग्राम पंचायत में कहीं कोई विकास नहीं दिख रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यह रुपये कहां चले गए। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत निधि की जांच कराने की भी मांग उठाई।

> ग्राम पंचायत अधिकारी ने बताया कि टॉपर पुरवा में लगे खड़ंजा की मरम्मत का कार्य होना है, जिसके कारण जलभराव की स्थिति है। इसको कार्य योजना में डालकर मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। –**स्वाति लोधी**, पंचायत सचिव, छेदुई पतिया।

# केंद्रीय मंत्री ने रपटा पुल का किया लोकार्पण


रपटा पुल का लोकार्पण करते केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी व मौजूद कार्यकर्ता।

संवाददाता, निघासन

● रपटा पुल बनने से 15 से अधिक गांवों को मिलेगा लाभ

**अमृत विचार:** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी ने सोमवार को ग्राम पंचायत बैलहा के मिठुई-मटहिया मार्ग पर रपटा पुल का लोकार्पण किया। इस रपटा पुल के बनने से क्षेत्र के करीब 15 से अधिक गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

मिठुई-मटहिया मार्ग क्षेत्र के करीब 15 से अधिक गांवों को जोड़ता है। इस पर रपटा पुल न होने के कारण लोगों को बरसात के दिनों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। नाव के सहारे लोग रास्ता पार करते थे। मार्ग से जुड़े गांवों के बच्चे भी शिक्षा के लिए नाव से आते-जाते थे। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने बनकर तैयार हुए पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विकास करना हमारा कर्तव्य है। भाजपा सरकार में देश में निरंतर विकास की गति बढ़ी है। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, केपी राना, नागेंद्र सिंह सेंगर, रतीराम लोधी, सिंगाही नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम, लक्ष्मण यादव, मनोज कुमार, सुरेश कुमार, जुगुल किशोर, श्रवण कुमार लोधी, रमेश लोधी, धनीराम समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### हैदराबाद पुलिस ने संवेदनशील ग्रामों में किया रूट मार्च

**रोशननगर, अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव, त्योहारों को लेकर संवेदनशील गांवों में हैदराबाद पुलिस ने रूट मार्च कर लोगों से शांति व्यवस्था बरकरार रखने की अपील की। थाना प्रभारी हैदराबाद, सहायक कमांडो प्रवीण यादव, 93 बीएन सीआरपीएफ बाराबंकी के अर्धसैनिक बल, पुलिस की संयुक्त टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम महेशपुर, अशर्फीगंज, ममरी, छितौनिया, जड़ौरा आदि में मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। ग्राम कपरहा, कोटवारा में आगामी लोकसभा चुनाव, त्यौहारों के दृष्टिगत फ्लैग मार्च कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

# मैलानी पुलिस ने नगर में किया फ्लैग मार्च


त्योहारों के मद्देनजर क्षेत्र में फ्लैग मार्च करती मैलानी पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, मैलानी

**अमृत विचार:** आगामी त्योहारों, चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए मैलानी थाना के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार, उप निरीक्षक प्रेमचंद्र, उदयभान सहित पैरा मिलिट्री फोर्स ने नगर में पैदल मार्च किया। पैदल मार्च थाना से आरंभ होकर नगर में मुख्य बाजार, पुराना बाजार, पलिया रोड, तिराहा, धर्मशाला रोड से कंधईपुर, राजामंडी, महुरैना सहित कई गांव में किया। इससे आपराधिक किस्म के घूमने वाले लोगों में दहशत रही। फ्लैग मार्च से नगर में पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था कायम दिखाई दी।

# रमजान आज से, सेवइयां व फलों की दुकानें सजीं

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** मंगलवार से शुरू हो रहे मुकद्दस रमजान माह के लिए शहर और गांवों के बाजार सज गए हैं। दुकानों पर दूसरे फलों के साथ रोजा इफ्तार में खास तौर पर इस्तेमाल होने वाला खजूर ज्यादा मात्रा में दिखाई पड़ने लगा है। रमजान शुरू होने से पहले ही सेवइयां और सूतफेनी बननी शुरू हो गई हैं। बाजार की हर गली में सेवइयों और सूतफेनी की दुकानें सज गई हैं।

पवित्र माह इस्लामिक कैलेंडर के नवें महीने की शुरुआत होने जा रही है। ऐसे में तैयारियों को लेकर हर एक मुसलमान मसरूफ है, रहमत व बरकतों के महीने में अल्लाह की रहमत बरसने वाली है। हर नेकी के बदले 70 गुना सवाब के साथ हर एक मुसलमान का दिन जहां रोजे व इबादत में गुजरेगा तो वहीं रातें तरावीह की नमाजों में बीतेगी।


रमजान शुरू होने पर सेवइयां आदि की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार

● रहमत व बरकतों के महीने का हुआ आगाज

रहमतों, नेमतों, अजमतों का महीना मुकद्दस माह-ए-रमजान का आगाज सोमवार को चांद नजर आने के बाद मंगलवार से शुरू होगा। शहर और देहात क्षेत्रों में सेवइयां, फेनी की दुकानें सजनी शुरू हो गई हैं। लोग फल खरीदते नजर आए। एक महीने तक रोजे रखने के बाद ईद-उल फितर का त्योहार मनाया जाता है। सोमवार की रात से मस्जिदों में विशेष नमाज (तरावीह) की शुरुआत हो जाएगी।

### चांद के दीदार से शुरू होता है रमजान महीना



शाही किला इमाम हाफिज मोहम्मद क़मर आलम आरफी चिश्ती ने बताया कि रमजान माह में मुस्लिम समाज के लोग 29 और 30 दिनों का रोजा रखते हैं। रमजाम माह की शुरुआत इस्लामिक कैलेंडर के नवें महीने के प्रथम दिन से होती है। जब आठवें महीने के आखिरी दिन चांद का दीदार होता है तो रमजान माह शुरू हो जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार रमजान का चांद सोमवार को देखा गया। माह ईद-उल-फितर के साथ रमजान माह की समाप्ति होगी। रमजान माह मुसलमानों के लिए सबसे पवित्र समय में से एक है। रमजान-उल-मुबारक के इस महीने में तीन अशरे होते है, जिसमें हर एक असरा 10 दिनों का है। रमजान का पहला अशरा रहमत व बरकतों का है। दूसरा गुनाहों से मगफिरत व तीसरा जहन्नुम से निजात का बताया है।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

# विभिन्न एप के माध्यम से स्मार्टफोन से ही स्वरोजगार प्राप्त कर रहे युवा


विद्यार्थियों के साथ विधायक सदर योगेश वर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में बोले विधायक योगेश वर्मा

**अमृत विचार:** युवराजदत्त महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत मुख्य अतिथि सदर विधायक योगेश वर्मा ने स्मार्टफोन वितरण किए।

छात्रा साक्षी, सौम्या, स्नेहा व निधि गौतम ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत पेश किया। इसके बाद सदर विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। युवा विभिन्न एप के माध्यम से स्मार्टफोन से ही स्वरोजगार प्राप्त कर रहे हैं।

स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के नोडल डॉ. इष्ट विभु ने सभी विद्यार्थियों को स्मार्टफोन का प्रयोग ज्ञान बढ़ाने के लिए करने की प्रेरणा देकर इसके दुरुपयोग से बचने की नसीहत दी। संचालन चीफ प्राक्टर डॉ. सुभाष चंद्रा किया। डॉ. डीएन. मालापनी, डॉ. जेएन सिंह, प्रोफेसर विशाल द्विवेदी, प्रोफेसर ज्योति पंत, सत्यनाम, मनोज मिश्र सहित मोहम्मद आमिर, सतेंद्र पाल सिंह, धर्म नारायण, श्वेतांक, मोहममद नजीफ, विमलेन्द्र, नरसिंह भदौरिया, अच्छे लाल, रूपलाल व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### सीएचसी में अतिरिक्त बेड का किया लोकार्पण

**लखीमपुर खीरी अमृत विचार:** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी ने सोमवार को सीएचसी निघासन में 20 बेड के वार्ड सहित पीएचसी मूड़ा बुजुर्ग एवं ढखेरवा नानकर पर छह-छह बेड के वार्ड वृद्धि का लोकार्पण किया।

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जा रहा है, जिससे मरीजों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा मिल सके। इसके तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण कराया जा रहा है। निघासन सीएचसी पर 20 बेड एवं पीएचसी मूड़ाबुजुर्ग व ढकेरवा नानकार एवं सीएचसी रमियाबेहड़ में छह- छह बेड अतिरिक्त बनने से मरीजों को भर्ती करने में आसानी रहेगी। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, डीपीएम अनिल यादव, सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रमोद रावत, बीपीएम, बीसीपीएम, स्टाफ नर्स, आशा संगिनी, आशा व स्वास्थ्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा पदाधिकारियों के लिए सौंपी गई जिम्मेदारी



नव मनोनीत पदाधिकारियों के साथ पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा। ● अमृत विचार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सपा कार्यकर्ता तैयारी में जुटे हैं, जिन्होंने बैठक कर संगठन का विस्तार कर कई पदाधिकारियों का मनोनयन कर उन्हें पूरी ताकत के साथ जुटने की जिम्मेदारी दी गई।

नगर के सरोज मंगल द्वार में सपा जिलाध्यक्ष रामपाल यादव की अध्यक्षता में हुई सपा की नगर इकाई की बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उत्कर्ष वर्मा, मुख्य वक्ता पूर्व एमएलसी शशांक यादव ने नगर कार्यकारिणी का विस्तार कर पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र जिलाध्यक्ष रामपाल यादव और नगर अध्यक्ष जीशान खान द्वारा सौंपे गये। पदाधिकारियों द्वारा लोकसभा में सपा के घोषित प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक को श्रीनगर के पूर्व विधायक रामसरन भार्गव, सपा नेता रियाजउल्ला खान, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हेमंत भार्गव, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष उमेश गिरि, जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह आदि नेताओं ने चुनाव के लिए अभी से जुटने का आह्वान किया। संचालन जिला उपाध्यक्ष अशोक वर्मा ने किया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### आरएसएस शाखा संगम में कराया पंच प्रण का स्मरण

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने नगर की सभी शाखाओं के स्वयंसेवकों का शाखा संगम आयोजित कर उन्हें पंच प्रण का स्मरण कराया। पब्लिक कॉलेज स्थित राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में शाखा संगम में जिला संघ चालक अमित भसीन ने स्वयंसेवकों को संघ शताब्दी वर्ष 2025 के अवसर पर राष्ट्र सेवा, राष्ट्र रक्षा के दिव्य साधना संकल्प का बोध कराते हुऐ पंच प्रण का स्मरण करवाया।

सर संघ चालक ने स्वयंसेवकों को कार्य करने के लिए लक्षित किया है। स्वयं परिवार और समाज को केन्द्र में रखते हुए प्रत्येक स्वयंसेवक को इन पंच सूत्रों के निहित आदर्शों के समाज में व्यावहारिक बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में नगर संघ चालक विजय वर्मा, सह नगर संघ चालक कौशल किशोर मिश्र, नगर कार्यवाह महेन्द्र पाठक, नगर प्रचारक सर्वेंद्र, सह नगर कार्यवाह शशि कान्त दीक्षित के साथ नगर के स्वयंसेवक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मानक विहीन सड़क के निर्माण की पोर्टल पर शिकायत

संवाददाता, सिंगाही

**अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र में बेलरायां-कड़िया मार्ग से लिंक मार्ग हरबक्शपुरवा का पीडब्ल्यूडी विभाग निर्माण कार्य करवा रहा है, जिसमें मानक की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है और निर्माण सामग्री की जांच कराने की मांग की है।

बेलरायां-कड़िया मार्ग पर धोबनियां पुल के निकट से गांव भूलनपुर होते हुए हरबक्शाहपुरवा जाने वाला संपर्क मार्ग काफी जीर्णशीर्ण हालत में था। पीडब्ल्यूडी विभाग इस सड़क का नए सिरे से निर्माण कार्य करा रहा है। एक तरफ सड़क बनाई जा रही तो दूसरी तरफ वह उखड़ भी रही है। इसको लेकर ग्रामीणों ने कड़ी नाराजगी जताई। साथ ही सड़क निर्माण में गुणवत्ता पर भी तमाम सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई है। पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता आरके नागर का कहना है कि सड़क हाल ही में हुई बारिश की वजह से उखड़ रही है। सड़क जहां-जहां उखड़ रही है उसे ठीक कराया जाएगा। साथ ही इसकी जांच भी कराई जाएगी।


भूलनपुर-हरबक्शाह पुरवा संपर्क मार्ग पर चल रहा निर्माण कार्य। ● अमृत विचार

● लिंक मार्ग हरबक्शपुरवा का पीडब्ल्यूडी विभाग करा रहा निर्माण


बाबूपुरवा निवासी अनिल कुमार ने बताया कि भ्रष्टाचार के चलते सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग हो रहा है। इससे सड़क उखड़ने लगी है।


बाबूपुरवा निवासी कृष्ण कुमार ने बताया कि सड़क पर पत्थर न डालकर मिट्टी पर ही बजरी तारकोल डाला गया है। इससे सड़क उखड़ रही है।


भूलनपुर निवासी दिनेश वर्मा ने बताया कि सड़क निर्माण में जमकर घपलेबाजी की जा रही है, जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है।


भूलनपुर निवासी रामबहादुर ने बताया कि सड़क निर्माण में हो रही धांधली पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि से लेकर विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे हैं।

## एक नजर

### नवनिर्मित प्रेक्षागृह का लोकार्पण आज

**मैलानी।** सरकार द्वारा नगर मैलानी में पलिया रोड पर रेलवे क्रासिंग के पास भव्य प्रेक्षागृह का निर्माण करोड़ों की लागत से कराया है। खीरी सांसद गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी 12 मार्च को दोपहर लोकार्पण करेंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी ने नगर पंचायत कर्मियों के साथ प्रेक्षागृह पहुंचकर निरीक्षण किया। साथ ही कर्मचारियों को सख्त दिशा निर्देश भी दिए जिससे कार्यक्रम बेहतर ढंग से सम्पन्न हो सके।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**गोला गोकर्णनाथ।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जहानपुर निवासी रतीराम (25) पुत्र संतोष कुमार, मितौली थाना क्षेत्र के ग्राम कटगिरहा निवासी अजय कुमार (19) पुत्र गंगाराम, मोहम्मदी थाना क्षेत्र के पिपरिया गांव निवासी रोहित (24) पुत्र रामस्वरूप सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर भांपकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मधुमिता की बहन ने जान को खतरा बताते हुए पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी पर लगाया आरोप, पुलिस कर रही जांच

# निधि शुक्ला के घर के बाहर धमाका, कारतूस मिला

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


जानकारी देतीं निधि शुक्ला।


घर के बाहर से मिला कारतूस।


निधि शुक्ला के घर पर जांच करने पहुंचे सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लखीमपुर की कवियत्री मधुमिता हत्याकांड में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी एक बार फिर आरोपों में घिर गए हैं। मोहल्ला हाथीपुर निवासी मधुमिता की बहन निधि शुक्ला का आरोप है कि सोमवार की तड़के उनके घर के बाहर तेज धमाका हुआ। उन्हें लगा कि बम का धमाका है। इससे वह डर गईं और दरवाजे बंद कर लिए। उन्होंने अपनी जान का खतरा जताया है।

उनका कहना है कि उन्होंने अपनी बहन के कातिल पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी की गिरफ्तारी के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार किया है। इससे नाराज अमरमणि त्रिपाठी ने ही उनके घर पर हमला करवाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। इस दौरान पुलिस को 32 बोर का कारतूस मिला है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। अमरमणि की रिहाई के बाद से ही निधि शुक्ला अपनी जान को खतरा बता रही हैं।

शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी निधि शुक्ला ने बताया कि वह रविवार की रात अपने कमरे में सो रहीं थीं। सोमवार की तड़के करीब तीन बजे घर के बाहर जोर से धमाका हुआ। इससे वह काफी डर गईं और कमरे की कुंडी अंदर से लगा ली। इसके बाद गनर को फोन किया। गनर के आने पर उन्होंने दरवाजा खोला। तब तक मोहल्ले के भी तमाम लोग आ गए। उन्होंने गनर से यूपी 112 नंबर पर कॉल कराई। यूपी 112 पुलिस और मिश्राना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस के पहुंचने पर वह घर से बाहर निकलीं और एसपी गणेश प्रसाद साहा सहित अन्य उच्च अफसरों को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। घर पर लगी गारद से भी पूछताछ की, लेकिन कुछ भी साफ नहीं हो सका। सुबह सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी और प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने आसपास देखा तो एक 32 बोर का कारतूस मिला। अफसरों ने मौके पर फॉरेंसिक टीम बुलाई। टीम ने गहराई से जांच कर फॉरेंसिक साक्ष्य एकत्र किए। उधर, निधि शुक्ला ने अमरमणि त्रिपाठी पर घर पर हमला करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि फायरिंग की गई है। सुरक्षा होने की वजह से हमलावर अंदर नहीं घुस पाए। निधि शुक्ला ने कहा कि उनका अमरमणि के अलावा और कोई दुश्मन नहीं है। वह जब से रिहा हुआ है तब से उसके हौसले बुलंद हैं। आज यानी सोमवार को उन्हें लखनऊ जाना था। यह बात कई लोगों को पता थी। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

#### यह है पूरा मामला

लखनऊ के निशातगंज स्थित पेपर मिल कॉलोनी में 9 मई 2003 को लखीमपुर शहर के मोहल्ला मिश्राना निवासी कवयित्री मधुमिता शुक्ला की गोली मारकर हत्या हुई थी। मधुमिता पेपर मिल कॉलोनी में अकेली रहती थीं। इस मामले की जांच सीबीआई ने की थी। इस दौरान पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी पर गवाहों को धमकाने के आरोप लगे थे। इस पर मुकदमा देहरादून की फास्ट ट्रैक कोर्ट को स्थानांतरित कर दिया गया था। फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 24 अक्टूबर 2007 को अमरमणि, मधुमणि, भतीजे रोहित चतुर्वेदी, प्रकाश पांडेय और शूटर संतोष राय को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फिर जुलाई 2012 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने भी सीबीआई कोर्ट में सुनाई गई सजा को बरकरार रखा। हालांकि, अमरमणि और उसकी पत्नी मधुमणि करीब 20 साल सजा काटने के बाद 25 अगस्त 2023 को शासन के निर्देश पर समय से पहले ही जेल से रिहा किए जा चुके हैं।

> यूपी 112 को सुबह करीब तीन बजे धमाका होने की सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। सुबह मौके से एक कारतूस बरामद हुआ है। फॉरेंसिक टीम भी भेजी गई है। मामले की छानबीन की जा रही है। –**पवन गौतम**, एएसपी पूर्वी

### डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगाने की मांग

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** लखीमपुर डिपो के अनुबंधित बस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रवण गुप्ता ने एआरएम से लखनऊ लखीमपुर व गोला के बीच अवैध रूप से संचालित डग्गामार बसों आदि पर रोक लगाने की मांग की है। श्रवण गुप्ता ने बताया कि अवैध वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए सालों से मांग की जा रही है। मगर, जिम्मेदार आंख बंद कर अवैध संचालन को बढ़ावा दे रहे हैं। इससे एलआरपी चौराहे से लेकर राजापुर, रेलवे स्टेशन आदि डग्गामार वाहनों के अवैध अड्डे बन गये है। शाखा अध्यक्ष ने रोडवेज एवं जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तत्काल प्रभाव से इन अवैध वाहनों का संचालन बंद न कराया गया तो संगठन एलआरपी चौराहे पर धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगा।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# सात दिन में 11 मौत, ओवरलोड वाहनों पर अंकुश नहीं

### आबादी में सड़कों पर वाहनों से हादसों का बना है खतरा, शिकायतों के बाद भी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसों से सात दिन में ही 11 लोगों की जानें चली गईं। इसके पीछे वजह ओवरलोड वाहन, ओवर हाइट वाहन और हाई स्पीड ही रही। कई परिवारों की खुशियां छिन गईं, लेकिन मार्ग दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिम्मेदार बेपरवाह बने हैं। नतीजतन ओवरलोड गन्ने और भूसी भरे ट्रक फर्राटा भर रहे हैं। लगातार हादसों के बाद भी गोला, पलिया, मोहम्मदी सहित कस्बों के बीच से यह ओवरलोड वाहन दौड़ रहे हैं और इन पर अंकुश तक नहीं लगाया जा रहा है।

यह वाहन पुलिस चौकियों, मोबाइल पुलिस के सामने से दिन व रात में गुजरते रहते हैं, लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। सोचनीय विषय है की बाइक सवार को आसानी से रोक लेने वाली पुलिस को गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक दिखाई ही नहीं देते। अमृत विचार टीम ने सोमवार को कुछ प्रमुख स्थानों से गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों को कैमरे में कैद किया। प्रस्तुत है ओवरलोड वाहनों की हकीकत।

#### कस्बे से होकर गुजर रहे ओवरलोड गन्ना के ट्रक




**मूड़ा सवारान।** गुलड़िया चीनी मिल के क्रय केंद्रों से चीनी मिल तक जाने वाले ट्रकों में ओवरलोड और ओवरहाइट गन्ना भरकर धड़ल्ले से भेजा जा रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। क्षेत्र में ओवरलोड वाहनों से कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। मिल तक जाने वाले ट्रकों में कभी गन्ना गिरता हुआ जाता है, जो लोगों के लिए मुसीबत बनता है। सोमवार को यह ट्रक कस्बे से होकर तेज रफ्तार निकला, जिससे देखने से ही डर लगने लगा।

#### बिजली के तार टूटने से ठप हो जाती है आपूर्ति




**गोला गोकर्णनाथ।** कस्बे से ओवरलोड गन्ना भरे वाहन निकलने के कारण बिजली लाइनें भी टूट जाती हैं, जिससे आपूर्ति ठप होने से लोगों को दिक्कत होती है। वहीं बिजली लाइन में ओवर हाइट गन्ना भरे ट्रकों के फंसने से दुर्घटनाओं का भय बना रहता है। गन्ना भरे वाहन तेज गति से निकलते हैं। बिजली लाइन का तार टूटने से कभी बड़ी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। फिर भी ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई नहीं की जाती।

#### आठ दिनों में हुए ये हादसे

- **04 मार्च :** मोहम्मदी क्षेत्र में अनुबंधित बस ने ई-रिक्शा को रौंद दिया, जिसमें दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत पांच की मौत।
- **05 मार्च :** नीमगांव क्षेत्र में उमरपुर क्रेसर के पास किसी वाहन की टक्कर से बाइक सवार गांव भदूरी निवासी रामस्वरूप और धूमरा निवासी उनके दामाद की कुचलकर मौत।
- **06 मार्च :** नीमगांव क्षेत्र में ही लखीमपुर-मोहम्मदी मार्ग पर टैंकर, डीसीएम और इनोवा कार टकराने से कार सवार 15 वर्षीय एक किशोर की मौत।
- **10 मार्च :** मैलानी क्षेत्र में पिथौरागढ़ (उत्तराखंड) से अयोध्या जा रहे ईंटों भरी ट्राली से टकराकर एक्सयूवी सवार तीन लोगों की मौत।

#### ओवरलोड व ओवरहाइट भूसी के ट्रक बने हैं खतरा




**सिकंद्राबाद।** कस्बे से सोमवार को ओवरलोड और ओवरहाइट भूसी का ट्रक गुजरा तो लगा कि कभी भी हादसा हो सकता है। हादसे को दावत देते ओवरलोड वाहन इसी तरह दिन और रात गुजरते हैं। लोग जान जोखिम में डालकर इनके पास से गुजरते हैं, लेकिन प्रशासन के अधिकारी सुधि नहीं लेते। इनसे कई बार हादसे हो चुके हैं। कुछ दिन अभियान की औपचारिकता निभाई जाती है, फिर लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है।

> जिले में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है, जहां पर भी गन्ने से लदे या अन्य सामान से लदे ओवरलोड और ओवरहाइट वाहन चलते पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। –**आलोक कुमार**, एआरटीओ प्रशासन।

> नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। पांच दिनों के अंदर करीब 230 वाहनों के चालान किए गए हैं। लोगों को जागरूक रहकर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। –**गणेश प्रसाद साहा**, एसपी।

### वाहन की टक्कर से छोटे भाई की मौत, बड़ा घायल

**रजागंज, अमृत विचार:** रविवार की देर शाम बाइक सवार दो भाइयों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे छोटे भाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बड़े भाई का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।


मृतक रोहित।

थाना फरधान क्षेत्र के सिसावा कला निवासी विजेंद्र वर्मा उर्फ केडिया (23) पुत्र छत्रपाल अपने छोटे भाई रोहित (21) के साथ बाइक से गोला गया था, जहां से गैस सिलेंडर लेकर देर शाम घर वापस जा रहा था। केशवापुर सिकंद्राबाद लिंक मार्ग पर ग्राम बसही के पास पहुंचा। उसी समय सामने से उसे किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे छोटे भाई रोहित की मौके पर ही मौत हो गई। बड़ा भाई विजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि दोनों भाई अविवाहित थे। उनके माता पिता की पहले ही मौत हो चुकी है।

### बोलेरो की टक्कर से ई रिक्शा चालक घायल

**गोला गोकर्णनाथ।** मोहल्ला मुन्नू गंज निवासी आदेश कुमार (25) सोमवार शाम नई बाईपास पर ई रिक्शा ले जा रहा था। भुसौरिया गांव के पास पीछे से बोलेरो ने टक्कर मार दी, जिसमें वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## दहेज के लिए मारपीट कर घर से निकालने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** कोतवाली तिकुनियां पुलिस ने गांव गोवर्धनपुरवा निवासी महिला की तहरीर पर उसके पति समेत आठ लोगों के खिलाफ मारपीट, दहेज उत्पीड़न समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़िता का कहना है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट की और आरोपियों ने उसे घर से भगा दिया।

गांव गोवर्धनपुरवा निवासी वंदना ने बताया कि उसकी शादी 27 जनवरी 2022 को ग्राम पंचायत कड़िया के गांव प्रतापुरवा निवासी वीरेंद्र कुमार के साथ हुई थी। विवाह के बाद से ही ससुराल वाले वाशिंग मशीन, सोने की जंजीर, सोने की पांच अंगूठी, लैपटॉप, चांदी की पायल व एक लाख रुपये नगद की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर घर से भगा देने की धमकी देने लगे। 26 दिसंबर 2023 की सुबह नौ बजे वह घर का काम कर रही थी। तभी पति, ससुर इतवारी लाल, सास राम देवी, देवर रामू, दामोदर, राम बहादुर (फूफा ससुर) रेखा (बुआ सास) निवासी भिडौरी, सत्यवीर (ननदोई) निवासी लोकनपुरवा थाना पलिया आए। गाली देते हुए मारने-पीटने लगे और घर से भगा दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बहाने से युवती को बुलाकर छेड़छाड़, पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- दो समुदायों के बीच का मामला होने से लोगों में रोष

**अमृत विचार:** थाना सिंगाही क्षेत्र में दूसरे समुदाय के युवक ने कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र की थारू युवती को बहाने से अपने गांव मोतीपुर बुलाया। एकांत में ले जाकर उसके साथ जोर जबरदस्ती करने लगा। विरोध किया तो उसकी बेल्टों से पिटाई कर दी, जिससे वह चोटिल हो गई। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाना सिंगाही पुलिस को तहरीर दी है, जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली तिकुनियां क्षेत्र की एक थारू युवती ने बताया कि ग्राम पंचायत मोतीपुर थाना सिंगाही का अशरफ अली से उसकी जान-पहचान थी। आरोपी अशरफ ने नौ मार्च की दोपहर करीब 12 बजे दिन में उसे फोन किया और कहा कि कुछ जरूरी काम है। इसलिए मोतीपुर आ जाओ।

वह जब वहां पहुंची तो आरोपी ने उसका बहाने से मोबाइल ले लिया और एकांत में ले जाकर जोर जबरदस्ती शुरू कर दी। जब उसने विरोध किया तो आरोपी ने बेल्टों से जमकर पिटाई की। पिटाई से उसे चोटें भी आईं हैं। शोर-शराबा होने पर तमाम लोग आ गए।

तब वह किसी तरह से जान बचाकर भागकर अपने घर पहुंची और परिवार वालों को पूरी घटना बताई। उसका मोबाइल भी आरोपी के पास में है। परिवार के लोग पीड़ित युवती को लेकर थाना सिंगाही पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया को पूरी घटना बताई और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। आरोपी अशरफ के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने पीड़ित युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है। उधर, मामला दो समुदायों के बीच का होने से लोगों में रोष है।

> पीड़ित युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। उसे मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी की तलाश में संभावित स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। –**अमित सिंह भदौरिया**, प्रभारी निरीक्षक, थाना सिंगाही

## महिला अस्पताल : अब प्रसव रूम में होगा वैक्सीनेशन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- टीकाकरण करने से बच रहा था लेबर रूम का स्टाफ

**अमृत विचार :** महिला अस्पताल में सालों से चली रही परंपरा बदलने जा रही है। जन्म के बाद 24 घंटे के अंदर बच्चों को लगने वाले टीक अब प्रसव रूम में ही लगाए जाएंगे, जिससे बच्चों को जानलेवा बीमारियों से और बेहतर सुरक्षा मिल सके। हालांकि अभी तक नवजात को वैक्सीनेशन टीकाकरण कक्ष में होता था। त्योहार आदि छुट्टी पड़ने पर बच्चों के वैक्सीनेशन में लेटलतीफी हो जाती थी।

डब्लयूएचओ के डॉ. विकास सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रमोद वर्मा ने सोमवार को महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ. ज्योति मेहरोत्रा के साथ प्रसव रूम का निरीक्षण किया। प्रसव कक्ष में जन्म के बाद टीकाकरण न होने की जानकारी पर नाराजगी जताकर कारण पूछा तो स्टाफ ने बताया कि बच्चों का वैक्सीनेशन प्रसव कक्ष की बजाय टीकाकरण कक्ष में होता है। इस पर डब्ल्यूएचओ के डॉ. विकास सिंह ने प्रसव कक्ष में ही बच्चों को बीसीजी और हेपेटाइटिस- बी का टीका लगाने के निर्देश दिए। इससे बीमारियों से लड़ने का सुरक्षा चक्र मजबूत होगा।

> प्रसव कक्ष में सालों से वैक्सीनेशन नहीं होता था। मगर, अब वहां भी टीकाकरण की शुरूआत कराई जाएगी, जिससे जन्म के बाद नवजात का तुरंत वैक्सीनेशन हो सके। –**डॉ. ज्योति मेहरोत्रा**, सीएमएस महिला अस्पताल

#### प्रसव कक्ष में इसलिए टीका लगना है जरूरी

महिला अस्पताल में प्रतिदिन वैक्सीनेशन होता है। मगर, सामान्य दिनों में दो बजे तक और सरकारी अवकाश के दिन सिर्फ 12 बजे तक। इसके बाद जन्म लेने वाले बच्चों का टीकाकरण दूसरे दिन ही हो पाता है। ऐसे में सामान्य प्रसव वाली महिलाएं अस्पताल में रुकने के बजाय घर चली जाती हैं। इससे बच्चों का सुरक्षा चक्र प्रभावित हो जाता था।

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के नि:शुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084



डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

इन्स्टीट्यूट ऑफ डेन्टल साइन्सेस
वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर
मुफ्त दंत चिकित्सा शिविर
15 मार्च – 20 मार्च 2023
पंजीकरण मात्र 50/-
मुफ्त परामर्श
मुफ्त दाँतों की सफाई
मुफ्त पायरिया का इलाज
बरेली इन्टरनेशनल यूनिवर्सिटी
पीलीभीत बाईपास रोड, सुरेश शर्मा नगर चौराहे के सामने, डेन्टल कालेज रोड, बरेली
संपर्क करें : कमरा नं. 223, पेरियोडोन्टिक्स विभाग



अमृत विचार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल वर्ष 2013 के अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गये हैं जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिले हैं। कु. मीना पुत्री श्री ज्ञान सिंह निवासी किरामई तहसील व जिला कासगंज

सूचना
मैंने SAHIPHA KHATUN व पति का नाम MOHAMMAD USMAN से बदलकर नाम SAHEEFA KHATOON व पति का नाम MOHAMMAD USMAN KHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे व पति को इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# मुस्कान प्रथम, श्रद्धा द्वितीय व कुसुम तृतीय रहीं

- फिटनेस दौड़ प्रतियोगिता में 33 बालिकाओं ने लिया भाग

**पसगवां, अमृत विचार** : नेहरू युवा केंद्र, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में एलकेसीएस स्कूल में नारी शक्ति फिटनेस दौड़ आयोजित की गई।

जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक भदौरिया व खंड शिक्षा अधिकारी गंगा प्रसाद गौतम के नेतृत्व में हुई प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विवेक कुमार शर्मा इंचार्ज प्रधानाध्यापक कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय पसगवां रहे। उन्होंने कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बालिका दौड़ प्रतियोगिता हुई, जिसमें 33 बालिकाओं ने भाग लिया। दौड़ में मुस्कान प्रथम, श्रद्धा पांडेय द्वितीय व कुसुम लता तृतीय स्थान पर रही। विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया और प्रतिदिन आधा घंटा फिटनेस पर ध्यान देने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रबंधक ममता शुक्ला, प्रधानाचार्य दीपमाला पांडेय आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कुलदीप शुक्ल ने किया।




# शिक्षकों ने बीएसए दफ्तर पर दिया धरना

## कहा-डिजिटाइजेशन के लिए उपलब्ध कराएं संसाधन, नहीं तो जारी रहेगा बहिष्कार

- समस्याओं का निराकरण कराने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी को ज्ञापन सौंपते माशिसं के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा व अन्य।

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों ने सोमवार को विभिन्न मांगों को लेकर बीएसए कार्यालय पर धरना दिया। शिक्षकों का कहना है कि विभागीय अधिकारी हमारी समस्याओं का समाधान न कर अपमानित और प्रताड़ित करने का काम कर रहे हैं। डिजिटाइजेशन के नाम पर शोषण किया जा रहा है, इसलिए पहले संसाधन उपलब्ध कराएं नहीं तो बहिष्कार जारी रहेगा। शिक्षकों ने बीएसए को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगें बताईं।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा ने कहा कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से शिक्षकों को भयभीत किया जा रहा है। जबरन नियम विरुद्ध शिक्षकों को अपने पहचान पत्र से सरकारी सिम खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। इसके अलावा संसाधन न देकर निजी मोबाइल व निजी डाटा से उपस्थिति देने के लिए कहा जा रहा है। 14 साल से कम आयु के बच्चों की फोटो एप पर डालकर बाल अधिकार अधिनियम का उल्लंघन भी शिक्षकों से ही कराने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति के मामले में सभी विभागों को शामिल किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक सभी मांगे पूरी नहीं हो जातीं और डिजिटाइजेशन के लिए संसाधन विभाग उपलब्ध नहीं करा देता तब तक डिजिटाइजेशन प्रक्रिया का शिक्षक बहिष्कार करते रहेंगे। जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को संबोधित 18 सूत्रीय मांग पत्र बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी को सौंपा। इस दौरान महामंत्री संतोष कुमार भार्गव, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार वर्मा आदि पदाधिकारी और शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### यह रहीं प्रमुख मांगें

ज्ञापन में स्कूलों को टेबलेट, मोबाइल के साथ विभागीय आईडी से सिम, इंटरनेट मुहैया कराने, शिक्षकों के भविष्य निधि खाते ऑनलाइन कराने, पदोन्नति मामलों का समाधान कराने, पुरानी पेंशन बहाल कर वेतन विसंगति दूर करने, अंतर्जनपदीय पारस्परिक स्थानान्तरण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कार्यमुक्त करने, कैशलेस चिकित्सा सुविधा व आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाने, शासनादेश के अनुसार मध्याह्न भोजन व्यवस्था कराने और शिक्षकों को इससे मुक्त करने, योग्य शिक्षामित्रों को शिक्षक के पद पर समायोजित कराने और शिक्षामित्रों, अनुदेशकों के मानदेय में सम्मानजनक वृद्धि कराने की मांगें रखी गईं।

# खाटू श्याम निशान यात्रा ने नगर में किया भ्रमण



खाटू श्याम निशान यात्रा निकालते भक्त।

**मोहम्मदी, अमृत विचार:** निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर से निशान यात्रा पूजा अर्चना के बाद पूरे नगर में भ्रमण किया। बाद में बरवर रोड़ ब्रह्मदेव आश्रम पर जाकर समाप्त हुई। सोमवार को निशान यात्रा ब्रह्मदेव आश्रम से शुरू होकर नगर के मुख्य मार्ग बरवर चौराहा, सब्जी मंडी, कन्या पाठशाला, पीडी भारतीय इंटर कॉलेज, अशोक चौराहा, रामलीला चौराहा होते हुए वापस लौट कर निर्माणाधीन मंदिर स्थल पर पहुंच कर समाप्त हुई। निशान यात्रा में खाटू श्याम रथ पर सवार होकर नगर में निकले, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला और पुरुष भक्त शामिल रहे। सुरक्षा की दृष्टि से कस्बा प्रभारी बाबूराम पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



उत्तराखंड के वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट सोमवार को हल्द्वानी में अमृत विचार के कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने समूह संपादक शंभू दयाल वाजपेयी से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। अजय भट्ट संसद में नैनीताल–ऊधम सिंह नगर संसदीय सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें हाईकमान ने दोबारा इसी सीट से प्रत्याशी घोषित किया है।

## सार-संक्षेप

### क्लेशहरण मंदिर पर जगराते में झूमे श्रद्धालु

**गोला गोकर्णनाथ।** अहमदनगर क्लेशहरण मंदिर पर शुरू हुई श्री रुद्र महायज्ञ के पूर्व शिवम महाकाल म्यूजिकल ग्रुप द्वारा मां दुर्गा का जगराता कराया गया, जिसमें सीतापुर के शिवाशू पंडित ने गणेश वंदना कर कार्यक्रम की शुरुआत की। भोले बाबा के लाड़ले गणेश जी गाकर समां बांध दिया। पूरी रात हुए जगराते में कलाकारों ने वाद्य यंत्रों पर दर्शकों को मां की भेंटे सुनाकर भक्ति रस में सराबोर कर दिया। योगेंद्र मिश्र एडवोकेट, देवेंद्र मिश्र, अवधेश मिश्रा, राजेश कुमार मिश्र राजू, प्रशांत शुक्ला, जगदीश वर्मा, रमाकांत अकर्वशी, ओम प्रकाश मिश्र, हजरत अली, मुकेश मिश्र, शंभू गिरि, सौरभ मिश्र आदि मौजूद रहे।

### नि:शुल्क नेत्र शिविर में 360 लोगों का हुआ परीक्षण

**गोला गोकर्णनाथ।** जिला पंचायत सदस्य समाजसेवी संदीप वर्मा के नेतृत्व में शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मीबाई कन्या इण्टर कॉलेज में नेत्र शिविर लगाया गया। शिविर में सीतापुर आंख अस्पताल के डॉ कोमल, गरिमा सिंह, अनुभूति, अनिल राय, विष्णुकेश, आकांक्षा, रोहित, सौम्या, मुकेश, राहुल ने 360 लोगों की आंखों का परीक्षण कर आवश्यकतानुसार चश्मे, आई ड्रॉप्स देकर आंखों की देखभाल करने के तरीके बताए। शिविर में मोतियाबिंद से ग्रसित पाए गए 90 लोगों को बस द्वारा नेत्र ऑपरेशन के लिए सीतापुर आंख अस्पताल ले जाया गया। प्रधानाचार्य सर्वेश वर्मा, प्रांशी वर्मा, नवी शेर, भूपेंद्र वर्मा, उवैद रजा, सतेंद्र, श्यामकिशोर, सुशील, योगेश, अभिषेक, विपिन, कमल, नियामत, पूजा, हर्षिता, चांदनी, राधा, नेहा, अंजलि, कुसुमलता, अवनीश, निर्पेंद्र, सलमान, जेजेराम ने कैंप में आए हुए लोगों का सहयोग किया।

### धनिगंवा में मनाई सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि

**रजागंज।** क्षेत्र के निकटवर्ती गांव धनिगवां मे बौद्ध बिहार मंदिर में सम्राट अशोक धम्म चक्र सेवा संस्थान के अध्यक्ष की अध्यक्षता में भारत की प्रथम महिला शिक्षका सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई गई। मुख्य अतिथि प्रधानपति राकेश वर्मा बबलू ने बताया कि सावित्रीबाई फुले का जन्म तीन जनवरी 1831 में महाराष्ट्र के नायगांव जिला सतारा के किसान परिवार में हुआ था। 10 मार्च 1897 में देहांत हो गया। पूरे जीवन भर नारी शिक्षा, विधवा पुनर्विवाह, सती प्रथा समेत छुआछूत के खिलाफ सावित्रीबाई फुले ने संघर्ष किया। कार्यक्रम में निर्धन अनाथ बालक–बालकाओं को अतिथि ने पुस्तकें वितरण कीं। शिवपाल गौतम, बीडीसी गौतम कुमार, मेवालाल, हरिओम मौर्या, राजेंद्र गौतम, मैकूलाल, सरला देवी, रामप्यारी, उर्मिला देवी, रिंकी देवी, अनुराधा देवी, कंचन समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### पत्रकार की मां के निधन पर शोक सभा

**पलिया कलां।** मंहगापुर के पत्रकार मोहम्मद वसीम की माता बानों खातून (65) के निधन पर पत्रकारों ने शोक सभा आयोजित कर संवेदना व्यक्त की। सभी ने दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। शोकसभा में पत्रकार रामचंद्र शुक्ल,ओमप्रकाश सुमन, हरीश श्रीवास्तव, महबूब आलम, अंजलि बाजपेई, धीरज गुप्ता, शिशिर शुक्ला, गुड्डू बारसी, सोनू साहनी, राजीव गुप्ता, विवेक पांडेय, प्रशांत मिश्रा, फारूक हुसैन, राहुल गुप्ता, विवेक अर्कवंशी, मोहम्मद नसीम, गोविंद गोयल आदि मौजूद रहे।

### कर्नाटक की चैंपियनशिप में भाग लेगा गोला का अभय



**गोला गोकर्णनाथ।** ग्राम पंचायत गोला देहात के ग्राम जहानपुर के अभय सिंह का चयन कर्नाटक में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए हुआ है। जिला सेपक टाकरा एसोसिएशन के जिला सचिव पूर्व आइटीबीपी तान सिंह ने बताया कि ग्राम जहानपुर निवासी अभय सिंह का कर्नाटक में होने वाले सेपक टाकरा राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित किया गया है। वह 26 मार्च से 30 तक कर्नाटक के देवांगेरे में होने वाली जूनियर सेपक टकरा चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। इसके लिए जूनियर सेपक टाकरा प्रशिक्षण कैंप स्पोर्ट्स स्टेडियम मेजर ध्यानचंद कैंट बरेली में शुरू किया गया है, जिसमें खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कर्नाटक के लिए रवाना होंगे।

### शिवाजी कॉलेज दिल्ली में असिस्टेंट प्रोफेसर बने चंद्रप्रकाश



**गोला गोकर्णनाथ।** दिल्ली यूनिवर्सिटी के शिवाजी कॉलेज की स्थापना पूर्व केंद्रीय मंत्री, सामजिक कार्यकर्ता एवं किसान नेता डॉ. पंजाब राव देशमुख के नाम पर 1961 में की गई थी। प्रतिवर्ष उत्कृष्ट परिणाम देने के चलते शिवाजी कॉलेज को नैक द्वारा ए ग्रेड रैंकिंग मिली है। इस कॉलेज में चंद्रप्रकाश का चयन असिस्टेंट प्रोफेसर गणित विषय के लिए हुआ है। चंद्रप्रकाश ने बताया कि प्रारंभिक शिक्षा रामपुर डाटपुर से करने के बाद नगर के श्रीराम जानकी इंटर कॉलेज से बारहवीं की परीक्षा पास कर उन्होंने बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय से गणित में एमएससी की और दिल्ली यूनिवर्सिटी से एमफिल और पीएचडी करने के बाद उनका चयन असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। अपने पुत्र की उपलब्धि पर पिता परागीलाल प्रजापति ने खुशी जताई है।

### श्री रुद्र महायज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा



**गोला गोकर्णनाथ।** खुटार रोड स्थित ग्राम अहमदनगर में आठ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ के लिए महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा ढोल नगाड़ों की धुन पर क्लेशहरण मंदिर प्रांगण से कलश में जल भरकर श्रद्धालु महिलाएं झाड़ू लगाते हुए आगे चलती रहीं। यात्रा अहमदनगर के देवी मंदिर पहुंची, वहां पूजन कर गांव की परिक्रमा करते हुए भुइहार बाबा स्थान, गढ़ी आदि पर पूजन कर बाबा क्लेशहरण मंदिर स्थित यज्ञस्थल पर पहुंचकर कलश स्थापित किए गए। कलश यात्रा पर पूर्व प्रधान हजरत अली ने पत्नी गुलशन जहां के साथ श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर फल वितरण कराया। रामशंकर कटियार और सौरभ मिश्रा ने जलपान की व्यवस्था की। यज्ञाचार्य ने यज्ञ स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश पूजन कर स्थापित कराए। कलश यात्रा में सीमा मिश्रा, सुनीता मिश्रा, वंदना शुक्ला आदि शामिल रहे।

# गैस सिलेंडर लीक होने से दुकान में लगी आग

**निघासन, अमृत विचार** : नगर पंचायत के मुख्य चौराहे पर वेज कॉर्नर की दुकान है। दुकान स्वामी गनेशी वहीं कबाब पराठा, बिरयानी व अन्य फास्ट फूड का काम करते हैं। सोमवार को दुकान पर कुछ ग्राहक आ गए। वह पराठा बना रहे थे। इस बीच सिलेंडर लीक होने से आग भड़क उठी। इससे दुकान में अफरा-तफरी मच गई। दुकान स्वामी, ग्राहक और काम करने वाले लोग बाहर आ आए। आग से आसपास के दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। दुकानदार अपनी दुकानें छोड़कर सड़क पर आ गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी का करीब 50 हजार रुपये का सामान जलकर नष्ट हो गया।

# एनएसएस शिविर के समापन पर किया पौधरोपण

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार:** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैंपस जमुनाबाद में संचालित एनएसएस शिविर के समापन पर स्नातक कृषि विद्यार्थियों ने विलियमगंज गांव में पौधरोपण कर एड्स जागरूकता अभियान चलाया। चार मार्च से ग्राम पंचायत वजीरगंज के विलियमगंज में चल रहे शिविर में 50 विद्यार्थियों को योगाभ्यास, बीज शोधन, गार्डनिंग, गृह वाटिका और खरपतवार नियंत्रण करना बताया। शिविर के समापन पर प्राथमिक विद्यालय में ग्राम प्रधान अशोक वर्मा और शिविर के विद्यार्थियों ने आम, जामुन, आंवला, लीची और नीबू के पौधरोपण कर ग्रामवासियों को एड्स और टीबी रोग के प्रति सजग करते हुए जागरूकता अभियान चलाया। एनएसएस शिविर अधिकारी डॉ. सतेंद्र कुमार, डॉ. हिमांशु मिश्रा और डॉ. संदीप कुमार सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।



